# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## दिव्य महाकुंभ में अलौकिक संगम

# संक्रांति पर बरसा 'अमृत'

### टूटा रिकॉर्ड, एक ही दिन में 3.50 करोड़ संत साधु और श्रद्धालुओं ने किया अमृत स्नान

- विभिन्न संप्रदायों के 13 अखाड़ों के संतों ने लगाई डुबकी
- सबसे पहले श्री पंचायती अखाड़ा, महानिर्वाणी श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा ने किया स्नान



*प्रयागराज महाकुंभ 2025 में मकर संक्रांति पर पहले अमृत स्नान पर्व के मौके पर त्रिवेणी के तट पर स्नान के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ा। सुबह से शाम तक 13 अखाड़ों के साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने बारी-बारी अमृत स्नान किया। सीएम योगी आदित्यनाथ के अनुसार पहले अमृत स्नान पर 3.50 करोड़ से ज्यादा संतों और श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महाकुंभ नगर

अखाड़ों के अमृत स्नान में सबसे पहले संन्यासी अखाड़ों में श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी और श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा के साधु संतों ने 'हर हर महादेव' के घोष के साथ संगम पर अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के उपरांत महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर चेतनगिरी जी महाराज ने कहा, हर 12 साल में पूर्ण कुंभ प्रयागराज में होता है और 12 पूर्ण कुंभ होने पर 144 साल बाद यह महाकुंभ आता है। बहुत भाग्यशाली लोगों को महाकुंभ में स्नान का अवसर मिलता है। महानिर्वाणी अखाड़े से 68 महामंडलेश्वर और हजारों ▶▶| शेष पेज 4 पर

### नागा साधु रहे आकर्षण का केंद्र

नागा साधुओं का अद्भुत प्रदर्शन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना। त्रिवेणी तट पर इन साधुओं की पारंपरिक और अद्वितीय गतिविधियों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। कभी डमरू बजाते हुए तो कभी भाले और तलवारें लहराते हुए, इन साधुओं ने युद्ध कला का अद्भुत प्रदर्शन किया। लाठियां भांजने का प्रदर्शन करते हुए ये साधु अपनी परंपरा का प्रदर्शन कर रहे थे।



### सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, यह हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत स्वरूप है। आज लोक आस्था के महापर्व मकर संक्रांति के पावन अवसर पर अभिनंदन।

### अन्न की अनंत सेवा...

संगम में जहां एक ओर साधु-संत जपतप, ध्यान और मंत्रोच्चार कर आस्था की धूनी रमाए हुए हैं, वहीं ओम नमः शिवाय संस्था महाकुंभ के सात सेक्टरों में श्रद्धालुओं को 24 घंटे निशुल्क भोजन करा रही है। 32 साल पहले तहरी से शुरू हुए इस भंडारे के क्रम में आज संस्था हर दिन 20 से 25 हजार श्रद्धालुओं को भर पेट भोजन करा रही है। एक भी व्यक्ति बिना खाए न रहे के नारे के साथ संस्था हजारों लोगों को प्रतिदिन निशुल्क भोजन करा रही है। भंडारे में हर दिन अलग-अलग व्यंजन बनाए जाते हैं।

### इतनी भीड़... 250 से अधिक लोग बिछड़े

भीड़ इतनी ज्यादा कि 250 से अधिक लोग अपनों से बिछड़ गए। इनमें से ज्यादातर लोगों को खोया-पाया केंद्र ने मिलवा दिया।

### संतों और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा

*अमृत स्नान मकर संक्रांति के दिन मंगलवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर उत्तर प्रदेश सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई।*

---

**प्रतिभावान छात्रों का होगा सम्मान**

## डीपीएस का एनुअल डे प्रोग्राम नवरस आज, आएंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



दिल्ली पब्लिक स्कूल बिलासपुर का 16 वां एनुअल डे कार्यक्रम 'नवरस' 15 जनवरी को शाम 5 बजे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे। अध्यक्षता हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अभिमन्यु करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मौजूद रहेंगे। तिफरा ▶▶| शेष पेज 4 पर

---

डिप्टी सीएम अरुण साव बोले- सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक किया गया पंचायतों में आरक्षण

## ओबीसी आरक्षण पर सियासी संग्राम, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का ऐलान-सामान्य सीट से लड़ाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा, भाजपा ने तय किया है, सामान्य सीटों पर ओबीसी के भी प्रत्याशी मैदान पर उतारे जाएंगे। इससे पहले की स्थिति बहाल रहेगी एवं पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी। डिप्टी सीएम अरुण साव ने आरक्षण के मामले में जानकारी देते हुए कहा, पंचायतों के चुनाव के ▶▶| शेष पेज 4 पर



### साव ने आरक्षण की दी विस्तार से जानकारी

श्री साव ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के अनुपालन में किए गए आरक्षण में जनसंख्या के अनुपात में किए गए आरक्षण के कारण नगरीय निकाय के आरक्षण में विशेष अंतर नहीं पड़ा, परन्तु ग्रामीण ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इधर, कांग्रेस हुई मुखर आज राज्यभर में प्रदर्शन



रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण में कटौती के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन करने जा रही है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, ओबीसी आरक्षण के विरोध में 15 जनवरी को सभी जिला मुख्यालयों में धरना ▶▶| शेष पेज 4 पर

---

**पीएम मोदी ने की शुरुआत**

## 'मिशन मौसम' लॉन्च, व्हॉट्सएप पर पल-पल मिलेगी मौसम की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को भारत सरकार के मौसम विभाग की 150वीं वर्षगांठ पर 'मिशन मौसम' लॉन्च किया है। अब व्हॉट्सएप पर पल-पल मौसम की जानकारी मिलेगी। यह मिशन भारत को मौसम की विभिन्न परिस्थितियों के लिए तैयार रहने और ▶▶| शेष पेज 4 पर



### भूकंप के लिए वार्निंग सिस्टम

प्रधानमंत्री मोदी ने वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी सिस्टम विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

---


# कैलास जीवन

## मल्टिपर्पज् आयुर्वेदिक क्रीम




। एड़ियों का फटना । मुहाँसे ।
। हाथ पाँव और आँखों की जलन ।
। मुँह के छाले । कटना । जलना । फिशर्स ।
आदि के लिए गुणकारी

Available in: 12g Tube, 20g Tube, 30g, 60g, 120g, 230g Bottle amazon | netmeds.com India Ki Pharmacy

Distributors: Raipur: Mahesh Medicos: 0771 - 2228437,
Shree Gulab Traders: 0771 - 4047174, Bilaspur: Pankaj Medico Traders: 07752 - 401271,
Durg: Satyendra Medicos: 0788 - 2214827 / 4050827
। Manufacturer: ASUM, Pune. 020-24486865 । Customer Care: Suhas: 9130026069 ।
। asumkj@gmail.com । www.asum.com ।

anunaad.com


---

## हरिभूमि की खबर पर मुहर, राजेंद्र चंद्रवंशी ही बने कवर्धा के जिलाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन के जिलाध्यक्षों के चुनाव में बचे हुए एक जिले कवर्धा में मंगलवार को राजेंद्र चंद्रवंशी को जिलाध्यक्ष बनाया गया। इसी के साथ हरिभूमि की खबर पर मुहर लग गई। हरिभूमि ने मंगलवार के ही अंक में कवर्धा ▶▶| शेष पेज 4 पर

- डिप्टी सीएम विजय शर्मा, विधायक भावना बोहरा और अशोक साहू बने प्रदेश प्रतिनिधि

### पांडे ने आगे किया था नाम

*जिलाध्यक्ष बनाए गए राजेंद्र चंद्रवंशी का नाम सांसद संतोष पांडेय ने आगे किया था। उनको विधायक भावना बोहरा का भी समर्थन था। इनके पक्ष में ही जिले के ज्यादातर नेता भी थे। ऐसे में अंत में इनको ही अध्यक्ष बनाया गया।*

### सभी जिलों में चुनाव पूरे

*छत्तीसगढ़ अपने सभी जिलों में सबसे पहले चुनाव कराने वाला पहला राज्य बन गया है। हमारे सभी 36 संगठन जिलों में जिलाध्यक्ष बन गए हैं।*

*- खूबचंद पारख*
*प्रदेश संगठन चुनाव अधिकारी*

---

**वनकर्मी ने खदेड़ा, बार-बार आता रहा गजराज**

## धान खरीदी केंद्र से एक दर्जन बोरी धान चट कर गया हाथी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

हाथी प्रभावित क्षेत्रों में इन दिनों धान खरीदी केंद्रों में धान की सुरक्षा मंडी के कर्मचारियों सहित वन कर्मियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। हर रात जंगल से हाथी धान मंडी पहुंच रहे हैं और धान की बोरियों को खा रहे हैं। बीती रात बंगुरसियां और कापू वन परिक्षेत्र में स्थित धान खरीदी केन्द्र में ▶▶| शेष पेज 4 पर



### कापू क्षेत्र में भी पहुंचा हाथी

इसी प्रकार कापू वन परिक्षेत्र स्थित एक धान खरीदी में भी एक हाथी बीती रात दाखिल हो गया। हालांकि वहां कुछ नुकसान नहीं किया। किंतु बीते कुछ दिनों से लगातार हाथी धान खरीदी केन्द्रों की ओर पहुंच रहे है। जिसे लेकर धान खरीदी केंद्रों के सुरक्षाकर्मियों को भी सतर्क रहने को कहा गया है।

---


Muthoot Finance



गोल्ड लोन मेला

01 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक

गोल्ड लोन लेने और रेफ़र करने पर ₹70 लाख+ तक के गिफ़्ट वाउचर^ और सोने के सिक्के जीतने का अवसर पायें।

INDIA'S #1 MOST TRUSTED FINANCIAL SERVICES BRAND#

2.5 लाख+ ग्राहकों* की रोज़ाना सेवा

GOLD milligram rewards^ हर ट्रांज़ेक्शन पर पायें 24 ct सोना

तुरंत लोन | 7 स्तरीय सुरक्षा

7,000+ शाखाएं* | ऑनलाइन भुगतान की सुविधा

#TRA's Brand Trust Report 2024 *मुथूट फाईनान्स एवं उसकी सब्सिडियरी कंपनियां। ^शर्तें लागू। https://www.muthootfinance.com/terms-and-condition

1800 313 1212
muthootfinance.com

Muthoot Family - 800 years of Business Legacy

# आस्था का पुण्य स्नान



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान मकर संक्रांति के अवसर पर मंगलवार को संगम में अमृत स्नान किया गया। इस अवसर पर साधु-संतों सहित देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ लिया। इस दौरान, किन्नर अखाड़े के सदस्य पवित्र डुबकी लगाते हुए।



श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के नागा साधु।



संगम में पवित्र डुबकी लगाने के दौरान अनुष्ठान करते हुए साधु।



अनुष्ठान करते हुए जूना अखाड़े के साधु।



किन्नर अखाड़े के सदस्य।



विदेशी श्रद्धालु ने भी लगाई पवित्र डुबकी।



संगम पर एक जुलूस के दौरान जगद्गुरु रामानंदाचार्य।

## खबर संक्षेप

### बेंगलुरु में जल्द अपना वाणिज्य दूतावास खोलेगा स्पेन : जयशंकर



**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने कहा कि स्पेन जल्द ही भारत के दक्षिण में बेंगलुरु में अपना वाणिज्य दूतावास खोलेगा। यह दोनों देशों के गहराते संबंधों का एक अच्छा प्रतीक है। भारत के विदेश मंत्री दो दिवसीय यात्रा के तहत स्पेन में हैं। बीते सोमवार को भारतीय समुदाय से मुलाकात में उन्होंने यह जानकारी दी। जहां तक बात दोनों देशों के लोगों के आपसी संबंधों की है। तो मुझे उम्मीद है कि बार्सिलोना के लोग इस बात का स्वागत करेंगे कि हमारा वाणिज्य दूतावास वहां (भारत) पर हो।

### हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष पर रेप की एफआईआर दर्ज



**चंडीगढ़।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली (61) और सिंगर रॉकी मित्तल के खिलाफ गैंगरेप की एफआईआर दर्ज हुई है। ये केस हिमाचल के कसौली पुलिस थाने में 13 दिसंबर 2024 को दर्ज हुआ था, जिसकी जानकारी अब सार्वजनिक हुई है। दिल्ली की रहने वाली महिला का आरोप है कि उसके साथ कसौली के सरकारी होटल में जबरन शराब पिलाकर रेप किया गया।

### खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल ने बनाई नई पार्टी



**चंडीगढ़।** असम की जेल में बंद खालिस्तान समर्थक और पंजाब की खडूर साहिब सीट से निर्दलीय सांसद अमृतपाल सिंह की नई पार्टी का ऐलान हो गया है। पार्टी का नाम 'अकाली दल वारिस पंजाब दे' रखा गया है। पंजाब के मुक्तसर में ऐतिहासिक माघी मेले में हुई कॉन्फ्रेंस में पार्टी का ऐलान किया गया। निर्दलीय सांसद अमृतपाल सिंह को पार्टी का अध्यक्ष बनाया गया है।

### आचार संहिता उल्लंघन पर 155 मामले दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनावों की तैयारी के बीच, मंगलवार को आचार संहिता के उल्लंघन के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 155 मामलों में एफआईआर दर्ज की है। इन मामलों के तहत 105 बिना लाइसेंसी हथियारों और 78 कारतूसों के साथ-साथ भारी मात्रा में नकदी, शराब और ड्रग्स जब्त किए गए हैं। दिल्ली पुलिस ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 16 हजार लीटर से ज्यादा शराब की जब्ती की गई।

### कांग्रेस नेता ने दिल्ली दौरे का किया वीडियो साझा

# राहुल ने गंदगी को लेकर कसा तंज, यह है केजरीवाल की 'पेरिस वाली दिल्ली'

**खास बातें**

- सीलमपुर में कांग्रेस के चुनावी प्रचार की आक्रामक शुरुआत
- जातिगत जनगणना और आरक्षण पर चुप्पी का आरोप



**एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली**

दिल्ली चुनावों के मद्देनजर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आम आदमी पार्टी (आप) और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला बोला। मंगलवार को दिल्ली के एक दौरे के दौरान राहुल गांधी ने एक वीडियो शेयर करते हुए दिल्ली की गंदगी का हवाला देकर केजरीवाल सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने वीडियो में कहा कि देखो दिल्ली देखो। ये है केजरीवाल जी की चमकती दिल्ली- पेरिस वाली दिल्ली। इस दौरान राहुल गांधी ने नालों और गंदगी से भरी सड़कों की तस्वीरें दिखाईं। स्थानीय नेताओं ने भी शिकायत करते हुए भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और कहा कि नाले की दीवार छह महीने में ढह गई, जोकि सरकारी भ्रष्टाचार का उदाहरण है। राहुल ने सोमवार को सीलमपुर में कांग्रेस के चुनावी प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने जमकर आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा।

**दलित वोटरों को साधने के लिए आंबेडकर का मुद्दा**

*राहुल गांधी ने भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर भी केजरीवाल सरकार को निशाने पर लिया। कांग्रेस का दावा है कि दिल्ली में दलित वोटों पर कब्जा करने के लिए आप की रणनीति कांग्रेस से प्रेरित है। लोकनीति-सीएसडीएस के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में 17 फीसदी दलित वोटर हैं, जो कई सीटों पर निर्णायक भूमिका निभाते हैं।*

**प्रवेश पर आप के नए आरोप**



दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह ने बीजेपी नेता प्रवेश वर्मा को लेकर कई सवाल खड़े किये हैं। प्रशासन पर सवाल खड़ा करते हुए संजय सिंह ने कहा, 'चुनाव आयोग, दिल्ली पुलिस, डीएम, एसएचओ ये सब भारतीय जनता पार्टी के आतंक और भय से बोल नहीं पा रहे हैं। खुलेआम सब कुछ हो रहा है, साड़ी और चश्मा बांटा जा रहा है।' पूर्व सीएम और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, यह साफ है कि आप सरकार बना रही है। गली-गली में लोग सरेंडर कर चुके हैं, उनके पास न चेहरा है, न नेता है, न विजन है।

**आप और कांग्रेस में बढ़ी खींचतान**

राहुल गांधी के बयानों के जवाब में आप की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, दिल्ली चुनावों के लिए दोनों दलों के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। बता दें कि दिल्ली चुनाव में कांग्रेस की रणनीति जातीय और धार्मिक वोट बैंक को साधने की है। राहुल गांधी की रैलियों से यह साफ हो रहा है कि कांग्रेस मुस्लिम, दलित और ओबीसी वर्ग पर केंद्रित प्रचार कर रही है। कांग्रेस के कार्यक्रमों जैसे युवा उड़ान योजना, प्यारी दीदी योजना, और जीवन रक्षा योजना को रैलियों के जरिए जनता के सामने लाया जा रहा है। राहुल की आक्रामक रणनीति से यह साफ है कि कांग्रेस आप को उसके ही गढ़ में चुनौती देने की तैयारी में है।

# जुकरबर्ग को मांगनी पड़ेगी माफी, संसदीय समिति ने मेटा को किया तलब

### मेटा सीईओ की बढ़ेंगी मुश्किलें



**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली**

टेक कंपनी मेटा को संसदीय समिति समन भेजेगी। सूत्रों के अनुसार 20 से 24 जनवरी के बीच सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी संबंधी समिति के सामने मेटा के अधिकारियों को पेश होना होगा। इस कमेटी के अध्यक्ष भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे हैं। उन्होंने मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग के बयान को भारत विरोधी बयान बताया। बता दें कि मार्क जुकरबर्ग ने कोविड को लेकर बयान दिया था, जिसमें भारत का भी जिक्र किया था। जुकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट इंटरव्यू में दावा किया था कि भारत सरकार कोविड के प्रति अपनी कमजोरी प्रतिक्रिया के कारण 2024 में चुनाव हार गई। निशिकांत दुबे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'मेरी कमिटी इस ग़लत जानकारी के लिए मेटा को बुलाएगी । किसी भी लोकतांत्रिक देश की ग़लत जानकारी देश की छवि को धूमिल करती है । इस गलती के लिए भारतीय संसद से तथा यहां की जनता से उस संस्था को माफ़ी मांगनी पड़ेगी।'

**दुनिया को गलत जानकारी देकर किया गुमराह**

दुबे ने आगे कहा, 'हमने तय किया है कि हम मेटा के लोगों को बुलाएंगे। जुकरबर्ग ने बयान देकर दिखाया है कि कोविड-19 के बाद सरकार के खिलाफ माहौल बनाया गया है, जिसमें उन्होंने भारत का भी जिक्र किया है। उनका बयान चिंताजनक है। वह देश के लोकतंत्र में हस्तक्षेप कर रहे हैं और दुनिया को गलत जानकारी देकर गुमराह कर रहे हैं कि भाजपा-एनडीए हार गई है।'

**वैष्णव ने भी किया बयान का खंडन**



जुकरबर्ग के बयान का खंडन केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी किया था। अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि जुकरबर्ग अपनी कंपनी फेसबुक के माध्यम से गलत सूचना फैला रहे हैं। गलत सूचना देखना निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि हमें तथ्यों और विश्वसनीयता को बनाए रखना चाहिए।

# बलात्कार मामले में आसाराम को मिली अंतरिम जमानत

**एजेंसी ▶▶। जोधपुर**



राजस्थान उच्च न्यायालय ने 2013 के बलात्कार मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे स्वयंभू संत आसाराम को मंगलवार को 31 मार्च तक अंतरिम जमानत दे दी। एक सप्ताह पहले उच्चतम न्यायालय ने बलात्कार के एक अन्य मामले में आसाराम को 31 मार्च तक जमानत दी थी और कहा था कि वह कई बीमारियों से ग्रस्त है और उसे उपचार की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत द्वारा राहत के तुरंत बाद आसाराम के वकीलों ने उच्च न्यायालय में सजा निलंबित करने याचिका दायर की। न्यायमूर्ति दिनेश मेहता और न्यायमूर्ति विनीत माथुर की खंडपीठ ने अंतरिम जमानत प्रदान की, क्योंकि याचिका की प्रकृति सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका के समान थी।

# साय ने कहा -धान खरीदी पूरी होने के बाद किसानों को एकमुश्त मिलेगी अंतर की राशि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। अंबिकापुर**

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि हमारी सरकार ने किसानों से किया वादा पूरा किया है और इस बार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक धान की खरीदी होगी। जिस तरह पिछले साल सुशासन दिवस किसानों को अंतर की राशि एकमुश्त दी गई थी, उसी तरह इस बार भी धान खरीदी का कार्य पूर्ण होते ही 27 लाख किसानों के खातों में एकमुश्त अंतर की राशि जारी कर दी जाएगी।



अब प्रदेश में वन भूमि पट्टा का भी फौती कटेगा और इसकी व्यवस्था सरकार ने कर दी है। प्रदेश की भाजपा सरकार में मोदी की गारंटी को सांय सांय पूरा किया जा रहा है।

**पिछली सरकार में अनपढ़ भी थे मंत्री**

तातापानी महोत्सव में शामिल होने पहुंचे सीएम श्री साय ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएससी घोटाला करने वालों की गिरफ्तारी शुरू हो गई है। उन्होंने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश के पूर्व मंत्री के दारु घोटाला की जांच चल रही है। पूछताछ हुई तो बोला कि मैं अनपढ़ हूं और अधिकारी जैसा बोले दस्तखत कर दिया।

# भारत ने रूस के समक्ष दोहराई भारतीयों को जल्द कार्यमुक्त करने की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली**

- रूस-यूक्रेन युद्ध में हुई एक भारतीय नागरिक की मौत

रूस और यूक्रेन युद्ध के बीच रूसी सेना में सेवा दे रहे एक भारतीय नागरिक बिनिल टी.बी (32 वर्षीय) की मौत और एक अन्य जैन टी.बी के घायल होने के मामले पर मंगलवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हम मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। मास्को में हमारा दूतावास पीड़ित परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। बिनिल की पार्थिव देह को जल्द भारत वापस लाने के लिए हम रूस के प्राधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमने घायल भारतीय की भी तत्काल वतन वापसी की मांग की है। उसका मास्को के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर, बिनिल की पत्नी जाइसी ने बिनिल और उनके रिश्तेदार जैन की भारत वापसी की मांग कई बार अधिकारियों से की।

**पीएम मोदी और पुतिन में भी हो चुकी है चर्चा**



जुलाई-24 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मास्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनके आधिकारिक आवास पर हुई मुलाकात में रूसी सेना में फंसे हुए भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के मुद्दे को जोरशोर से उठाया था। इसके जवाब में राष्ट्रपति पुतिन ने मामले को खुद व्यक्तिगत रूप से देखने का आश्वासन दिया था।


### अखनूर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में 9वें सशस्त्र बल वेटरन्स डे कार्यक्रम में रक्षा मंत्री बोले

# जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा यह भारत के माथे का मुकुट मणि सा

***पीओके की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद के लिए किया जा रहा***

**एजेंसी ▶▶। अखनूर**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज भी अस्सी फीसदी से अधिक आतंकवादी पाकिस्तान से ही भारत में आते हैं। सीमा पार से जारी आतंकवाद 1965 में ही समाप्त हो गया होता, यदि तत्कालीन सरकार ने जंग के मैदान में मिली कई स्ट्रैटेजिक एडवांटेजेस को बातचीत की मेज पर स्ट्रैटेजिक डिसएडवांटेजेस में न बदल दिया होता। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर स्थित अखनूर के टांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में 9वें सशस्त्र बल वेटरन्स डे कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने अखनूर सीमा क्षेत्र में 108 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया और एक हेरिटेज म्यूजियम का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। पीओके भारत के माथे का मुकुट मणि है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2025 का यह वर्ष 1965 में हुए भारत-पाकिस्तान युद्ध का डायमंड जुबली ईयर (हीरक जयंती वर्ष) है। इसी अखनूर में 1965 की बेहद अहम लड़ाई लड़ी गई थी। पाकिस्तान की फौज ने ऑपरेशन ग्रैंड स्लैम के नाम से जो नापाक कोशिश इस अखनूर में की थी उसे भारतीय सेना ने विफल किया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि आतंकवाद खत्म करने की शुरुआत हमने जम्मू एवं कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करके की है। यहां हालात काफी हद तक बदले हैं। जम्मू-कश्मीर बिना पीओके के अधूरा है।




***पीओके से चल रहा भारत विरोधी एजेंडा***

*पीओके में रह रही अवाम को एक सम्मानजनक जीवन जीने से महरूम रखा जा रहा है। उन्हें मजहब के नाम पर हिंदुस्तान के ख़िलाफ़ बरगलाने और उकसाने की कोशिश, पाकिस्तान के हुक्मरानों द्वारा की जा रही है। हाल में ही पीओके के इल्लिगल वज़ीरे आज़म अनवारुल हक ने हिंदुस्तान के खिलाफ जो जहर उगला है, वह पाकिस्तान की ही साजिश का हिस्सा है। हक जो आज कह रहे हैं वही भारत विरोधी एजेंडा पाकिस्तान के हुक्मरानों ने जनरल ज़िया उल हक़ के जमाने से चलाया हुआ है।*

ANJANEYA UNIVERSITY
RAIPUR, CHHATTISGARH
Invites Applications for the Position of
VICE-CHANCELLOR
The Search Committee invites applications for the position of Vice-Chancellor at Anjaneya University as per UGC regulations.
The ideal candidate should possess proven leadership qualities, administrative capabilities, and strong teaching and research credentials. They should also demonstrate the highest level of competence, integrity, values, and institutional commitment.
Applications must be submitted within 15 days from the date of this advertisement to the address provided below.
Note : Candidate can send updated CV/ Resume on chancellor@anjaneyauniversity.ac.in
Knowledge Village Nardaha, Near Vidhan Sabha Road, Raipur | M. 79874 25825

रायपुर
बुधवार, 15 जनवरी 2025
माघ कृष्ण पक्ष द्वितीया
वर्ष : 23, अंक : 180
पृष्ठ : 12+6+4 = 22 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 27.8
न्यून. 15.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

गृह मंत्रालय ने दी मंजूरी

## सीआईएसएफ होगी मजबूत जुड़ेंगी दो नई बटालियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने हवाई अड्डों और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करने वाले केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के लिए 2,000 से अधिक कर्मियों वाली दो नई बटालियनों को मंजूरी दी है। नई बटालियन के गठन के साथ ही बल के कर्मियों की संख्या लगभग 2 लाख कर्मियों तक पहुंच जाएगी। सीआईएसएफ के ▶▶|शेष पेज 4 पर

### इनकी सुरक्षा सीआईएसएफ के हवाले

देश के 68 नागरिक हवाई अड्डों की सुरक्षा के अलावा, 1969 में गठित सीआईएसएफ परमाणु और एयरोस्पेस क्षेत्र में कई प्रतिष्ठानों और ताजमहल और लाल किले जैसे ऐतिहासिक स्मारकों को आतंकवाद-रोधी सुरक्षा प्रदान करता है। प्रवक्ता ने कहा कि नई बटालियन आंतरिक सुरक्षा से संबंधित तत्काल ▶▶|शेष पेज 4 पर

इंजीनियरिंग में राहत, इस बार ताला नहीं, 9 नए फॉर्मेसी भी खुलेंगे

## बंद होगा इकलौता आर्किटेक्ट कॉलेज

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

प्रदेश का इकलौता आर्किटेक्ट कॉलेज नए शैक्षणिक सत्र से बंद होने जा रहा है। दरअसल इंजीनियरिंग महाविद्यालयों, फॉर्मेसी कॉलेजों, मैनेजमेंट संस्थानों और आर्किटेक्ट कॉलेजों को नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू होने के 6 माह पूर्व दिसंबर अंत तक नवीनीकरण के लिए आवेदन देना होता है। आवेदन नहीं दिए जाने की स्थिति में यह माना जाता है कि संबंधित संस्थान पाठ्यक्रम संचालन के लिए इच्छुक नहीं हैं और वे अपना इंस्टिट्यूट बंद करना चाहते हैं। दुर्ग में प्रदेश का इकलौता आर्किटेक्ट संस्थान स्थित है। स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि को नवीनीकरण के लिए इस संस्थान से आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, इसे बंद करने की तैयारी है। वहीं इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट संस्थानों में राहत की स्थिति है। प्रदेश में स्थिति सभी 29 निजी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों ने नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए हैं। सत्र 2025-26 में किसी भी इंजीनियरिंग महाविद्यालय में ताला नहीं लटकेगा। हालांकि किसी नए इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए भी आवेदन नहीं दिए गए हैं। कॉलेजों की संख्या यथावत ही रहेगी। छग में इंजीनियरिंग सीटों की संख्या 11,481 है। ▶▶|शेष पेज 4 पर





- दिसंबर अंत तक तकनीकी विवि को सौंपना होता है नवीनीकरण के लिए आवेदन
- वर्तमान में 29 इंजीनियरिंग महाविद्यालय, इनमें से सभी रहेंगे खुले

### 95 संस्थानों में संचालित है फॉर्मेसी पाठ्यक्रम


शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रदेश में 95 संस्थान ऐसे हैं, जहां फॉर्मेसी पाठ्यक्रम का संचालन हो रहा है। यहां बीफॉर्मेसी की 9 हजार 509 सीटें हैं। वहीं एमफार्मा की 625 सीटें हैं। इसके अलावा 9 नए संस्थानों ने सत्र 2025-26 से नवीन पाठ्यक्रम संचालन के लिए आवेदन दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया को भी आवेदन दिया है। सभी स्तरों पर मंजूरी प्रक्रिया पूर्ण होने पश्चात यहां फॉर्मेसी पाठ्यक्रम शुरू हो सकेंगे। नवीन आवेदन करने वाले संस्थान धमतरी, जशपुर, रायपुर, बिलासपुर, गरियाबंद में स्थित हैं।

## सीयू का दीक्षांत समारोह आज, शामिल होंगे उप राष्ट्रपति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह 15 जनवरी को होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी धर्मपत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ के साथ शामिल होंगे। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के अतुल भाई कोठारी और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उपराष्ट्रपति के आगमन के लिए मिनट टू मिनट कार्यक्रम तैयार किया गया है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दोपहर 12:10 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होंगे और दोपहर 2 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद, वे सेना ▶▶|शेष पेज 4 पर





रायपुर: अंबुजा सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, विधानसभा रोड, मोवा. ● मैग्नेटो द मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, जीई रोड. ● सिटी सेंटर मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, पंडरी. ● चंद्रा स्कवेयर, विधानसभा रोड़, मोवा ● कलर्स मॉल, पचपेड़ी नाका. बिलासपुर : सिटी मॉल 36, पहली मंजिल, मुन्हेली रोड, मंगला स्क्वेयर ● MMIPL कॉम्पलेक्स, दुबई स्वीट्स के सामने, तारबाहर रोड़, टैगोर चौक ● रामा मैग्नेटो मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, ● स्वर्ण प्लाजा, SECL कॉलोनी के पास, राज किशोर नगर, वसंत विहार चौक, सीपत रोड. ● रायगढ़ : ग्रैंड मॉल, दूसरी मंजिल, गौरी शंकर मंदिर रोड के पास ● शाह कॉम्पलेक्स, ट्रैफिक पुलिस ऑफिस के पास, दरोगापारा, गौशाला रोड़ भिलाई: सूर्या ट्रेज़र आइलैंड मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, स्मृति नगर कोरबा: द पाम मॉल, लोअर ग्राउंड फ्लोर, टी.पी. नगर जगदलपुर: बिनाका हेरिटेज, बिनाका मॉल के पास, चित्रकूट रोड़ अम्बिकापुर: चंडीग्राम प्लाज़ा, खारिसा रोड, अग्रसेन स्क्वेयर.

अपना नजदीकी स्टोर पता करने के लिये स्कैन करें
ऑफ़र यहाँ भी उपलब्ध
SMART SUPERSTORE
SMART BAZAAR

नियम तथा शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक खत्म होने तक वैध। सभी ऑफ़र्स को सूचना दिए बिना बदला जा सकता है। प्रोडक्ट्स की दिखाई गई तस्वीरें/फोटोग्राफ्स केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं। सभी प्रोडक्ट्स की एमआरपी में सभी टैक्स शामिल हैं। छूट प्रतिशत को ऑफर मूल्य के लगभग प्रतिशत तक राउंड ऑफ किया गया है। सभी ऑफ़र्स 15 जनवरी 2025 तक मान्य हैं। सभी विवाद केवल मुंबई में स्थित न्यायालयों के अनन्य क्षेत्राधिकार के अधीन हैं।

## चिंतन

# तापमान में कटौती के उपायों पर अमल हो

वर्ष 2024 भारत और विश्व के लिए सबसे गर्म वर्ष रहा। जलवायु संकट के प्रति गंभीर लोगों, संस्थाओं और देशों के लिए यह चिंता की बात है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की स्थापना के 150 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक समारोह में विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) की महासचिव सेलेस्टे साउलो ने एक गंभीर बात कही है कि पेरिस समझौता गंभीर खतरे में है। पेरिस समझौता जलवायु परिवर्तन पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि है, जिस पर 2016 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में हस्ताक्षर किए गए थे। इस संधि के दायरे में जलवायु परिवर्तन को सीमित करना, अनुकूलन और वित्त शामिल हैं। इस समझौते के अनुरूप ही विकसित देशों को क्षतिपूर्ति के तौर पर भारत जैसे विकासशील देशों को ग्रीन टेक्नोलॉजी अपनाने के लिए मुआवजा देने की बात हुई थी। बाद में अमेरिका ने क्षतिपूर्ति राशि पर सवाल उठाया था। वर्ष 2016 के बाद से हर वर्ष जलवायु सम्मेलन में वित्त पोषण के प्रारूप और कोष बनाने पर बात हुई, पर जिम्मेदार विकसित देशों की आनाकानी के चलते बात आगे नहीं बढ़ सकी है। ऐसे में डब्ल्यूएमओ प्रमुख का विश्व के बढ़ रहे तापमान पर चिंता जताना विश्व के लिए बड़ी चेतावनी है। पिछले सीओपी सम्मेलन में वित्त पोषण पर सहमति बनी है, पर अमल नहीं है। जलवायु संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कटौती वैश्विक स्तर पर राजनीतिक व डेवलपमेंटल एजेंडा बनना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। विश्व के सभी प्रमुख देश चिंता जरूर जताते हैं, पर कार्बन उत्सर्जन में कटौती की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाते हैं। भारत ग्रीन तकनीक अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, पेरिस करार में प्रमुख भागीदार है, सरकार कार्बन उत्सर्जन में कटौती को लेकर कृतसंकल्प भी है, इसके बावजूद वर्ष 2024 में भारत ने लंबे समय तक भीषण गर्मी का सामना किया, जिससे मानव स्वास्थ्य, कृषि, जल आपूर्ति और ऊर्जा आपूर्ति पर बहुत बुरा असर पड़ा। भारी मानसूनी बारिश ने व्यवधान पैदा किया और लोगों की जान गईं, जैसा कि हमने जुलाई में केरल में हुए दुखद भूस्खलन में देखा। हाल ही में, देश के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया। 2024 ऐसा पहला कैलेंडर वर्ष बना, जिसका औसत तापमान पूर्व-औद्योगिक काल के औसत तापमान से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि पेरिस समझौता खत्म हो गया है, यह बहुत गंभीर खतरे में जरूर है। डब्ल्यूएमओ के छह डेटासेट के समेकित विश्लेषण के अनुसार, वैश्विक औसत सतह तापमान 1850-1900 के औसत से 1.55 डिग्री सेल्सियस अधिक था। संयुक्त राष्ट्र की मौसम एजेंसी ने पिछले सप्ताह कहा कि इसका अर्थ यह है कि धरती ने पहली बार ऐसा कैलेंडर वर्ष देखा है, जिसमें वैश्विक औसत तापमान 1850-1900 की आधार रेखा से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। यह वह अवधि थी, जब जीवाश्म ईंधनों के जलने जैसी मानवीय गतिविधियों से जलवायु पर काफी असर पड़ना शुरू हो गया। हालांकि, पेरिस समझौते में निर्धारित 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा का स्थायी उल्लंघन 20 या 30 वर्ष की अवधि में दीर्घकालिक तापमान वृद्धि को संदर्भित करता है। डब्ल्यूएमओ प्रमुख का सुझाव सराहनीय है कि दुनिया को 2025 को ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने एवं नवीकरणीय ऊर्जा की ओर बढ़ने की रफ्तार तेज करने के वास्ते निर्णायक जलवायु कार्रवाई के वर्ष के रूप में चिन्हित करना चाहिए। भारत समेत दुनिया जलवायु संकट की ज्वालामुखी पर बैठी है, ऐसे में कार्बन उत्सर्जन में तत्काल कटौती के पेरिस करार में लक्षित उपायों को अपनाने की जरूरत है।



# निरंतर मजबूत होती भारतीय सेना

सेना दिवस
डॉ. एल. एस. यादव

> भारतीय सेना ने देश को सही मायने में अखंड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है। अब चीन सीमा के नजदीक भारतीय सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी। इसके लिए भारत ने पूर्वी लद्दाख में गोला बारूद के भंडार को बढ़ाने का निर्णय लिया है, इसीलिए सेना ने पर्यावरण मंत्रालय से गोला बारूद के भंडारण की अनुमति मांगी थी। सेना की रेजिमेंट और कोर को आर्म्स और सर्विसेज में बांटा गया है। आर्म्स में इन्फैन्ट्री, आर्मर्ड कोर, तोपखाना, इंजीनियर्स, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन कार्प्स, और मिलिट्री इंटेलीजेंस शामिल हैं।

पंद्रह जनवरी 1949 को सेना प्रमुख के तौर पर एक भारतीय नागरिक लेफ्टिनेंट जनरल के.एम.करियप्पा को तत्कालीन ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर फ्रांसिस बूचर से सेना की आधिकारिक कमान सौंप दी गई थी। इसके अगले वर्ष 1950 से 15 जनवरी को देश में सेना दिवस मनाए जाने की परंपरा की शुरूआत हुई। भारतीय सेना ने देश को सही मायने में अखंड भारत बनाए रखने में शीर्ष योगदान दिया है। तबसे भारतीय सेना की ताकत में भी लगातार बढ़ोत्तरी की जा रही है।

चीन से चल रहे तनाव को देखते हुए अब चीन सीमा के नजदीक भारतीय सेना पूरे वर्ष मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार रहेगी। इसके लिए भारत ने पूर्वी लद्दाख में गोला बारूद के भंडार को बढ़ाने का निर्णय लिया है, क्योंकि भारत चीन सीमा विवाद के चलते सेना की ताकत में इजाफा करना जरूरी है, इसीलिए सेना ने पर्यावरण मंत्रालय से गोला बारूद व सैन्य उपकरणों के भंडारण की अनुमति मांगी थी। इसके लिए अभी हाल ही में 21 दिसंबर को पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की अध्यक्षता में एक मीटिंग हुई थी जिसमें राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड ने सेना के प्रस्ताव पर विचार करते हुए 'हानले' और 'फोटी ला' के पास गोला बारूद भंडारण सुविधा की स्थापना किए जाने की अनुमति प्रदान कर दी। इसके अलावा सैन्य उपकरणों के भंडारण के लिए भूमिगत गुफाओं के बनाए जाने के लिए स्वीकृति दे दी। यही नहीं लुकुंग में मजबूत सैन्य उपस्थिति किए जाने का प्रस्ताव पेष किया गया।

यह बुनियादी ढांचा चांगथांग उच्च ऊंचाई वाले शीत मरूस्थल अर्थात ठंडे रेगिस्तान के वन्यजीव अभयारण्य और काराकोरम नुब्रा श्योक वन्यजीव अभयारण्य में विकसित किया जाएगा। इस निर्माण का उद्देश्य गोला-बारूद की आपूर्ति में तेजी लाना है, जिससे यौद्धिक अवसर के समय संचालनगत तैयारी को विना विलम्ब के निश्चित किया जा सके। विदित हो कि प्रस्तावों के तहत आने वाले दोनों अभयारण्य वन्यजीवों के निवास स्थान हैं। रक्षा अवसंरचना के लिए निर्धारित स्थान संरक्षित क्षेत्रों की श्रेणी में आते हैं। इस कारण वे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की घारा 29 के अधीन हो जाते हैं, इसीलिए रक्षा मंत्रालय को यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि इस क्षेत्र को कोई नुकसान न पहुंचे। सेना ने ये प्रस्ताव पिछले वर्ष दिए थे और कहा था कि इन क्षेत्रों में लड़ाकू सेनांगों को आगे बढ़ाने की जरूरत है, जिससे सैन्य अभियान के समय मदद मिल सके। यह ऐसा क्षेत्र है जहां सेना की कुछ इकाइयां तैनात हैं। उल्लेखनीय है कि फोटी ला, कोयुल, पुंगुक और हानले आदि अग्रिम क्षेत्रों में सैन्य तैनाती है। फोटी ला अधिक ऊंचाई वाले पर्वतीय दर्रों में से एक है। यह हानले से तकरीबन 30 किलोमीटर दूरी पर है और डेमचोक का मार्ग भी है। अभी फोटी ला से 300 किलोमीटर और हानले से 250 किलोमीटर दूरी पर अस्थायी रूप से गोला बारूद एकत्र किया जाता है, इसलिए आपूर्ति में देरी होती है और संचालनात्मक प्रक्रिया में विलम्ब होता है। भारतीय सेना अब



अत्याधुनिक सुधार करके नई ताकत वाली सेना बनेगी। इसके लिए चालू वर्ष 2025 लागू किए जाने वाले सुधारों का खाका तैयार कर लिया गया है। अब भारतीय सेना कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के माध्यम से स्वदेशी सामानों का उपयोग तथा रक्षा कूटनीति को बढ़ावा देने पर ध्यान देगी। इसके लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना के लिए वर्ष 2025 को सुधारों का वर्ष घोषित किया है। यह कार्य सेना के लिए अधिक चुस्त, तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार रहने के हेतु एक नए बदलाव का संकेत है। यह दीर्घकालिक पहल को प्रोत्साहन प्रदान करने वाला है।

नए सुधारों के लिए सेना का व्यापक दृष्टिकोण पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित होगा। ये स्तंभ संयुक्तता व एकीकरण, सुरक्षा बलों का पुनर्गठन, सैन्य आधुनिकीकरण व प्रौद्योगिकी, संचार प्रणाली व प्रक्रियाएं तथा मानव संसाधन व प्रबंधन हैं। विदित हो कि सेना ने इससे पहले वर्ष 2023 को परिवर्तन का वर्ष एवं वर्ष 2024-25 को प्रौद्योगिकी अपनाने का वर्ष घोषित किया था। भारतीय सेना की असॉल्ट राइफल की कमी भी अब दूर हो जाएगी। इस कमी को दूर करने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने स्वदेशी असॉल्ट राइफल 'उग्रम' को तैयार कर दिया है। इसे मात्र 100 दिनों में ही डीआरडीओ ने तैयार किया है। यह शत्रु को 500 मीटर की दूरी से मार गिराएगी। इसका वजन चार किलोग्राम है। इसमें 20 राउंड गोलियों की मैगजीन को लोड किया जा सकता है। यह सिंगल और फुल आटो मोड में फायर कर सकती है। यह 7.62 मिलीमीटर कैलिबर वाली राइफल है। सेना को ऐसी ही राइफलों की जरूरत है। तभी दिसंबर 2023 में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने इसी कैलिबर की यूएस निर्मित 70000 असॉल्ट राइफलों की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। इस राइफल को सेना, अर्धसैनिक बलों और राज्यों की पुलिस इकाइयों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। भारतीय सेना की तोपखाना रेजिमेंट महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने का निर्णय लिया जा चुका है। तोपखाना भारतीय सेना की एक बड़ी लड़ाकू सहायता शाखा है। यह शाखा इन्फैन्ट्री के बाद दूसरी सबसे बड़ी शाखा है। इस रेजिमेंट में विभिन्न कैलिबर की बन्दूकें, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मोर्टार और मानव रहित हवाई प्लेटफॉर्म शामिल हैं। तोपखाना रेजिमेंट में महिलाओं को शामिल करने का निर्णय गत वर्ष लिया गया था।

विदित हो कि सेना की रेजिमेंट और कोर को आर्म्स और सर्विसेज में बांटा गया है। आर्म्स में इन्फैन्ट्री, आर्मर्ड कोर, तोपखाना, इंजीनियर्स, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन कार्प्स, और मिलिट्री इंटेलीजेंस शामिल हैं। सरकार के इस निर्णय से महिलाएं लगभग सभी सैन्य विभागों में सेवाएं देंगी। विदित हो कि भारतीय सेना ने लद्दाख सीमा के न्योमा सैन्य स्टेशन पर नए लड़ाकू टैंक, तोपें और आर्म्ड व्हीकल तैनात कर दिए हैं।

लद्दाख क्षेत्र में सीमा पर टैंक व सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस की तैनाती कर दी गई है। सेना की आपूर्ति व्यवस्था में कोई परेशानी न आए, इसके लिए सीमा पर बिछाई गई सड़कों के जाल ने स्थिति को बेहतर बना दिया है। सैन्य ताकत के रूप में भारतीय थल सेना में इस समय 14 लाख सक्रिय सैनिक हैं। इसके अलावा 3565 युद्धक टैंक, लड़ाई में प्रयोग आने वाले वाहन 3100, आर्म्ड परसनल कैरियर्स 336 तथा आर्टिलरी गन 9729 हैं। इसके अतिरिक्त सेना के पास परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अनेक प्रकार की मिसाइलें हैं। ऐसी ताकतवर सेना किसी भी शत्रु सेना को हर क्षेत्र में पराजित करने के लिए सक्षम है।

(लेखक सैन्य विज्ञान के प्राध्यापक रहे हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## 26 जनवरी

विवेक शुक्ला




# किन राष्ट्राध्यक्षों को दिया जाता है गणतंत्र दिवस के लिए निमंत्रण

भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना सिर्फ एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की उपस्थिति को मजबूत करने का महत्वपूर्ण तरीका है। देखा जाए तो गणतंत्र दिवस पर राष्ट्राध्यक्षों को आमंत्रित करना, भारत और उस देश के बीच मजबूत और मैत्रीपूर्ण संबंधों का प्रतीक है। यह दोनों देशों के बीच राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देने का एक अवसर है। कुछ मामलों में, यह निमंत्रण रणनीतिक साझेदारों के साथ संबंधों को गहरा करने का एक तरीका है, खासकर उन क्षेत्रों में जहां साझा हित हैं। गणतंत्र दिवस एक ऐसा मंच प्रदान करता है जहां भारत अपने अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ जुड़ सकता है और वैश्विक मुद्दों पर अपनी राय रख सकता है। यह भी ध्यान रखना होगा कि गणतंत्र दिवस भारत की लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक विविधता और प्रगति को प्रदर्शित करने का एक मंच है। एक विदेशी राष्ट्राध्यक्ष की उपस्थिति इस अवसर को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। यह निमंत्रण सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देता है। यह एक ऐसा अवसर होता है जब आमंत्रित राष्ट्राध्यक्ष भारतीय संस्कृति, परंपराओं और उपलब्धियों को करीब से देख पाते हैं। एक बात और कि कभी-कभी एक राजनीतिक संकेत भी हो सकता है। मह्त्वपूर्ण है कि कभी-कभी किसी विशिष्ट वर्षगांठ को चिह्नित करने के लिए एक विशेष राष्ट्राध्यक्ष को आमंत्रित किया जाता है। उदाहरण के लिए, भारत और उस देश के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की वर्षगांठ, या किसी महत्वपूर्ण समझौते की वर्षगांठ। संयोग से पहले गणतंत्र दिवस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति सुकर्णो मुख्य अतिथि थे। वे भारत के मित्र होने के साथ-साथ एक करिश्माई नेता थे, जिन्होंने इंडोनेशिया को डच औपनिवेशिक शासन से मुक्ति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार ने उन्हें बहुत सोच-विचार करने के बाद देश के पहले गणतंत्र दिवस समारोह के लिए आमंत्रित किया था। सउनके भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू,उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक और कई अन्य नेताओं से गहरे संबंध थे। उन्होंने गुटनिरपेक्ष आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। भारत का पहला गणतंत्र दिवस समारोह राजधानी के नेशनल स्टेडियम में आयोजित किया गया था। पहले और 75वें गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होना भारत और इंडोनेशिया के बीच गहरे संबंधों का एक स्पष्ट प्रमाण है। यूं तो गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मुख्य अतिथि रहे हैं, पर दक्षिण अफ्रीका के मुक्ति योद्धा नेल्सन मंडेला और महान मुक्केबाज मोहम्मद अली का कर्तव्य पथ पर सबसे गर्मजोशी से उपस्थित अपार जनसमूह ने स्वागत किया। मंडेला 1995 में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। मंडेला जब तक परेड का आनंद ले रहे थे, तब वहां मौजूद दर्शक मंडेला के नारे लगा रहे थे। कहने वाले कहते हैं कि गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का मंडेला से अधिक उत्साह से स्वागत नहीं हुआ है। गणतंत्र दिवस परेड का लंबे समय तक आंखों देखा हाल सुनाने वाले जसदेव सिंह बताते थे कि मंडेला की तरह कर्तव्य पथ पर उपस्थित अपार जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी करतल ध्वनि से अभिनंदन किया था। वे 1978 के गणतंत्र दिवस समारोह में खास अतिथि थे। उस गणतंत्र दिवस समारोह में कहने को मुख्य अतिथि आयरलैंड के राष्ट्रपति प्रेट्रिक हिलेरी थे, पर सबकी निगाहें मोहम्मद अली को तलाश कर रही थीं। मोहम्मद अली परेड के शुरू होने से चंद मिनट पहले ही अपने स्थान पर विराजमान हो गए थे। उनके राजपथ पर आने की सूचना लाउड स्पीकर से होते ही वहां पर मौजूद हजारों लोगों ने हर्षध्वनि से उनका अभिनंदन किया। चीन से 1962 में हुए युद्ध में उन्नीस रहने के कारण देश उदास था। उसकी अभिव्यक्ति 1963 की गणतंत्र दिवस परेड के फीकेपन में भी नजर आ रही थी। राजपथ से लेकर परेड के शेष हिस्सों में जनता की भागेदारी कम रही थी। उस साल बाल वीर पुरस्कार भी नहीं दिए गए थे। ये पुरस्कार 1959 में दिए जाने चालू हुए थे। बहरहाल, भारत आगे भी मित्र देशों के नेताओं को गणतंत्र दिवस समारोहों में आमंत्रित करता रहेगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## कुसंगति त्यागे, धर्मबुद्धि जागे



संकलित
दर्शन

आम और नीम दोनों की मूल जमीन में एकत्रित होने से नीम के संसर्ग में आम भी नीमपन को प्राप्त करता है। अर्थात दुर्जन की संगत से प्रायः सज्जन भी दुर्जन हो जाता है। इस बात पर यदि थोड़ा विचार किया जाए तो प्रश्न यह उठता है कि दुर्जन का प्रभाव ही क्यों पड़ता है? सज्जन का प्रभाव क्यों नहीं पड़ता। आम भी कड़वा क्यों होता है? नीम मीठा क्यों होता नहीं ? इसके पीछे यही कारण है कि सज्जन का हृदय बहुत कोमल होता है, जबकि दुर्जन कठोर हृदय का होता है। सज्जन तो खरबूजे की भांति होता है और दुर्जन चाकू की भांति। चाकू चाहे खरबूजे पर पड़े या खरबूजा चाकू के ऊपर, कटना तो खरबूजे को ही पड़ता है इसलिए सज्जन को सदैव सजग होकर रहना चाहिए। मनुष्य का अहित जितना दुश्मन नहीं करता उतना उसका अविवेक कर बैठता है। महान उपन्यासकार बाबू बंकिमचन्द्र ने एक जगह लिखा है कि मनुष्य का विशेष अहित उनके स्नेहीजन ही कर सकते है। विवेकहीन माता-पिता धर्म भावना वाली संतान को धर्म से विमुख करके उसे विषय वासना के गर्त में डाल सकते हैं। वर्तमान युग में देखा जा रहा है कि माता पिता अपनी संतान को धनवान बनाने की भावना रखते हैं मगर धर्मवान बनाने की ओर उनका ध्यान नहीं जाता है। वे अपनी संतान को सुसंस्कारित करने की ओर और ध्यान नहीं दे पाते। जिसमें स्वयं संस्कारो का अभाव होता है ,वे भला दूसरों को संस्कारित कैसे कर सकते हैं।

## छोटे प्रयासों से, बहुत कुछ मिल जाएगा



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी समुद्रतट पर चल रहा था। उसने देखा कि कुछ दूरी पर एक युवक ने रेत पर झुककर कुछ उठाया और आहिस्ता से उसे पानी में फेंक दिया। उसके नज़दीक पहुंचने पर आदमी ने उससे पूछा और भाई, क्या कर रहे हो? युवक ने जवाब दिया, मैं इन मछलियों को समुद्र में फेंक रहा हूं, लेकिन इन्हें पानी में फेंकने की क्या ज़रूरत है? आदमी बोला। युवक ने कहा, ज्वार का पानी उतर रहा है और सूरज की गर्मी बढ़ रही है। अगर मैं इन्हें वापस पानी में नहीं फेंकूंगा तो ये मर जाएंगी। आदमी ने देखा कि समुद्रतट पर दूर-दूर तक मछलियां बिखरी पड़ी थीं। वह बोला, इस मीलों लंबे समुद्र तट पर न जाने कितनी मछलियां पड़ी हुई हैं। इस तरह कुछेक को पानी में वापस डाल देने से तुम्हें क्या मिल जाएगा? इससे क्या फर्क पड़ जाएगा? युवक ने शांति से आदमी की बात सुनी, फ़िर उसने रेत पर झुककर एक और मछली उठाई और उसे आहिस्ता से पानी में फेंककर वह बोला, आपको इससे कुछ मिले न मिले, मुझे इससे कुछ मिले न मिले, दुनिया को इससे कुछ मिले न मिले, लेकिन इस मछली को सब कुछ मिल जाएगा। यह केवल सोच का ही फर्क है। सकारात्मक सोच वाले व्यक्ति को लगता है कि उसके छोटे-छोटे प्रयासों से किसी को बहुत कुछ मिल जाएगा लेकिन नकारात्मक सोच के व्यक्ति को यही लगेगा कि, यह समय की बर्बादी है?

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### खानपान ही स्वास्थ्य निर्धारित करता है

उत्तर भारत के कुछ राज्यों में मकर संक्रांति का त्योहार मनाया गया। लोहड़ी के अगले दिन मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने, खाने-खिलाने का रिवाज और परंपरा है। हमारा खानपान ही हमारे स्वास्थ्य को निर्धारित करता है। अच्छा खानपान अच्छा स्वास्थ्य देता है और गलत खानपान हमें बीमार करता है। जब भी मौसम बदलता है तब हमें विशेषज्ञ डॉक्टर खानपान पर और ज्यादा ध्यान देने की बात करते हैं। मकर संक्रांति हमें शुद्ध खानपान की शिक्षा देती है। हमारे बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि लोहड़ी के बाद सर्दी की विदाई का समय आ जाता है। त्योहारों पर तरह-तरह के व्यंजन भी बनाए जाते हैं। यह व्यंजन सेहत के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। फास्ट फूड की ओर बढ़ने के बजाय परंपरागत व्यंजन बेहतर हैं। *- मनीष शुक्ला, भिलाई*

## ट्रेंड

### आपदाओं से बेहतर निपट रहे

हमने आपदा प्रबंधन में मौसम विज्ञान की अहमियत को समझा है और यही वजह है कि आज हम आपदाओं से और बेहतर तरीके से निपट रहे हैं। अपनी उपलब्धियों के आधार पर, हम मौसम विज्ञान संबंधित पहलुओं को आधुनिक बनाना चाहते हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### सालगिरह की शुभकामनाएं

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की पहली सालगिरह की शुभकामनाएं। मणिपुर से मुंबई तक हमने अन्याय के हर रूप को देखा, हर वर्ग की तकलीफ को समझा। न्याय के लक्ष्य से चले थे-बदलाव आया, भारत जाग उठा, अपने हक़ के लिए लड़ा।
**-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष**




### पोप का धन्यवाद

मुझे बाल श्रम के मुद्दे पर अतीत में पोप से हमारी उत्साहजनक बैठकें और बातचीत याद है। मैं दुनिया के सबसे हाशिये पर पड़े, बहिष्कृत और उत्पीड़ित बच्चों के प्रति आपकी करुणा को गहराई से धन्यवाद और प्रशंसा करता हूं।
**-कैलाश सत्यार्थी, नोबेल विजेता**



### देश से की गद्दारी

बीजेपी ने देश से की गद्दारी। पिछले साढ़े 10 साल से केंद्र सरकार में बीजेपी के ही गृह, रक्षा और विदेश मंत्री हैं बीजेपी की केंद्र सरकार ने देश की सीमाओं को कमजोर करके बांग्लादेशी और रोहिंग्या को बसाया है। बीजेपी ने भारत मां से ग़द्दारी की है।
**-संजय सिंह, आप नेता**



## करंट अफेयर

# नेपाल में 'माघे संक्रांति' का त्योहार मनाया गया

नेपाल में मंगलवार को थारू, मगर और नेवार सहित कई समुदायों ने 'माघे संक्रांति' या 'मकर संक्रांति' का त्योहार मनाया। विक्रम संवत कैलेंडर के अनुसार, माघ महीने के पहले दिन मनाया जाने वाला यह त्योहार 'उत्तरायण' की शुरुआत का प्रतीक है। इस दौरान रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। इस दिन स्नान, ध्यान, दान और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियां अत्यधिक लाभकारी मानी जाती हैं। 'माघे संक्रांति' स्नान में भाग लेने के लिए श्रद्धालु देवघाट, त्रिशूली, काली गंडकी, बागमती, इंद्रावती, त्रिवेणी और रिडी जैसे पवित्र स्थलों पर उमड़ते हैं। लोग मुख्य रूप से इस दिन मिठाई, दूध, फल और अन्य विशेष व्यंजन चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा करते हैं। काठमांडू घाटी के नेवार समुदाय के लोग इस दिन पारंपरिक व्यंजन जैसे घी, तिल, शकरकंद, पालक, पत्तेदार लहसुन और खिचड़ी खाते हैं, क्योंकि ये सर्दियों के दौरान गर्मी प्रदान करते हैं। लोग इस दिन अपने बड़ों के हाथों से सिर पर सरसों का तेल भी लगाते हैं। ऐसी मान्यता है कि ऐसा करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। नेपाल में 'माघे संक्रांति' पर सरकारी अवकाश रहता है।



## ऑफ बीट

# हमारे व्यवहार व मस्तिष्क को बदल रही निगरानी प्रौद्योगिकी

बिना किसी कर्मचारी की मदद के तकनीकी सहयोग से स्वयं भुगतान करके प्रतिष्ठान से बाहर निकलने से लेकर सड़कों और स्टेडियम तक हर जगह निगरानी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल भरपूर किया जा रहा है। सुरक्षा के नाम पर अक्सर इस व्यापक निगरानी को उचित ठहराया जाता है। लेकिन 'न्यूरोसाइंस ऑफ कांशसनेस' में प्रकाशित अध्ययन में परेशान करने वाली एक बात सामने आई है। निगरानी न केवल हमारे व्यवहार को बदल रही है, बल्कि हमारे मस्तिष्क के काम करने के तरीके को भी बदल रही है और यह हमारी सतर्कता से परे काम कर रहा है। हमारे अनुसंधान दिखाते हैं कि महज निगरानी होने की बात पता चलते ही दूसरे लोगों की निगाहों को लेकर हमारी जागरुकता अनजाने तरीके से बढ़ सकती है। इन निष्कर्षों के मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक संपर्क के लिए संभावित रूप से महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। ये निष्कर्ष इस बात पर भी गहन विचार करने का संकेत देते हैं कि निरंतर निगरानी हमें न केवल सचेत रूप से, बल्कि हमारे दिमाग के मूक 'सर्किटरी' को भी किस तरह आकार देती है।



### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


MARUTI SUZUKI ARENA
THE EPIC NEW
SWIFT
TIME TO GO
#SWIFTING
SWIFT
Z SERIES ENGINE
BEST-IN-SEGMENT MILEAGE#
25.75^ km/l
Z12E ENGINE
6 AIRBAGS STANDARD ACROSS ALL VARIANTS
SMARTPLAY PRO+ INFOTAINMENT SYSTEM
WIRELESS CHARGER
REAR AC VENT
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
BENEFITS UP TO ₹ 81 100**
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.MARUTISUZUKI.COM
Creative visualisation. Accessories and features shown may not be part of standard fitment and may vary according to variant. Images used are for illustration purposes only. Black glass on the vehicle is due to lighting effect. Colours shown may vary from actual body colours due to printing on paper. ^Fuel efficiency as certified by test agency Rule 115 of CMVR 1989.#The claim 'Best-in-Segment Mileage' is supported by JATO Dynamics certificate dated 30th April 2024. **Offers may vary subject to the model and variant purchased. *3 years or 100 000 km whichever is earlier.
SWIFT

# सराफा कारोबारी की हत्या का मास्टरमाइंड मुंबई से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

सराफा कारोबारी की हत्या के मामले में मास्टरमाइंड को क्राइम ब्रांच मुंबई व कोरबा पुलिस की संयुक्त टीम ने मुंबई से उसके रिश्तेदार के घर से धर दबोचा है। जिसे ट्रांजिट रिमांड में कोरबा लाया गया है। ज्ञात रहे कि टीपी नगर स्थित होटल ब्लू डायमंड के सामने रहने वाले सराफा कारोबारी गोपाल राय सोनी की विगत दिनों अज्ञात हमलावरों ने हमला कर हत्या कर दी थी। इस मामले में कोरबा पुलिस ने कुछ दिन पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा था जबकि मास्टर माइंड कुआंभट्ठा निवासी सूरजपुरी गोस्वामी फरार था। मुखबीर से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को सूचना मिली कि सूरजपुरी गोस्वामी मुंबई में छिपा हुआ है। सूचना पाते ही पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी के निर्देश पर उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी, दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में एक पुलिस टीम को मुंबई भेजा गया जहां पुलिस की टीम ने मुंबई जाकर आरोपी सूरजपुरी गोस्वामी को मुंबई पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद उसे तृतीय न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पनवेल मुम्बई से 15 जनवरी तक की अवधि के ट्रांजिट रिमांड पर 14 जनवरी को कोरबा लाया गया। कोरबा के संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड प्राप्त कर घटना में प्रयुक्त हथियार एवं घटना से संबंधित वस्तुओं आदि की जब्त कर रही है।



## जैकेट के शेष

### दिव्य महाकुंभ में ....

साधु संतों ने अमृत स्नान किया। अमृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे।

### डीपीएस का एनुअल ....

स्थित स्कूल कैंपस में आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन के साथ साथ प्रतिभावान छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं विशिष्ट अतिथियों के संबोधन के बाद स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। छात्र-छात्राएं प्रकृति के वर्णन और आश्चर्य पर आधारित डांस की प्रस्तुति देंगे। इसके बाद 'फील द रीदम' आर्केस्ट्रा प्रस्तुत किया जाएगा। 'अद्भुत यूनिवर्स' की प्रस्तुति पीपीडब्ल्यू के माध्यम से होगी। 'नवरस' के तहत नौ इमोशन मास्क की प्रस्तुति होगी। 'वात्सल्य रस' की पेशकश के दौरान छात्र-टीचर, भाई-बहन, यशोदा- कृष्णा, पिता-पुत्री और माता-पुत्र के प्यार का वर्णन किया जाएगा। इसके बाद हास्य रस की प्रस्तुति होगी। 'अद्भुत रस' की प्रस्तुति में छात्र मैजिक डांस, फिंगरनेल डांस, एरोबिक्स, ब्लैक एंड व्हाइट डांस, मानव पपेट और मिरर डांस करेंगे। 'रुद्र रस' की प्रस्तुति के दौरान शिव तांडव और काली तांडव प्रस्तुत किए जाएंगे। करुण रस के दौरान, इंग्लिश में स्कीट और द्रौपदी डांस होगा। फिर भक्तिरस के दौरान हिंदू, मुस्लिम, सिख और क्रिश्चियन धर्म के बारे में बताया जाएगा। 'भयानक रस' के दौरान ब्लैक हार्ट डांस होगा। 'वीर रस' के तहत बंदा सिंह बहादुर, शिव जी, महाराणा प्रताप और पद्मावती की प्रस्तुति होगी। 'श्रंगार रस' के दौरान शिव-पार्वती और कृष्णा रस की प्रस्तुति होगी। आखिर में वोट ऑफ थैंक्स के साथ राष्ट्रगान प्रस्तुत किया जाएगा।

### 'मिशन मौसम' लॉन्च, ....

जलवायु के प्रति जागरूक बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस पर एक स्मारक सिक्का और मौसम संबंधी अनुकूलता और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए आईएमडी विज़न-2047 दस्तावेज़ भी जारी किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, आज हम भारतीय मौसम विभाग यानी आईएमडी के 150 वर्ष का जश्न मना रहे हैं।

### ओबीसी आरक्षण पर ....

लिए हुए आरक्षण में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन किया है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री देव ने कहा, कांग्रेस केवल झूठ की राजनीति करती है, वह मुद्दों के अभाव से जूझ रही है और राजनीतिक पतन की तरफ बढ़ रही है, इसलिए केवल वर्ग संघर्ष की बात करना, प्रदेश में माहौल खराब करने का प्रयास करना, षड्यंत्र करना यही कांग्रेस का काम रह गया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने तो वास्तव में ओबीसी आरक्षण के विरोध में कोर्ट जाने वाले और ओबीसी का आरक्षण रोकने वाले लोगों को पुरस्कृत करने का काम किया है। भाजपा कांग्रेस के सभी षडयंत्र उजागर करती रहेगी और कांग्रेस का झूठ अब चलने वाला नहीं है।

**झारखंड, मप्र, बिहार, ओडिशा में ऐसा ही आरक्षण :** श्री साव ने कहा, मध्यप्रदेश, बिहार, ओडिशा जैसे राज्यों ने भी अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए पंचायत एवं नगरीय निकायों में प्रावधान करके चुनाव कराया है, जबकि झारखंड जैसे राज्य हैं जहां पर आयोग का प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं होने के कारण अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिए बिना 2021-22 में राज्य निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत संस्थाओं के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कोई भी सीट आरक्षित किए बिना चुनाव कराया है।

**कांग्रेस हमेशा से ओबीसी विरोधी : साव :** डिप्टी सीएम अरुण साव ने विस्तार से आरक्षण के प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा, कांग्रेस हमेशा से ओबीसी विरोधी रही है। श्री साव ने कहा कांग्रेस हमेशा पिछड़ा वर्ग का विरोधी रही है। वह आरक्षण के खिलाफ रही है। तब की कांगेस सरकार द्वारा 'कालेलकर आयोग' की अनुशंसा को ठंडे बस्ते में डाल देने के बाद आगे फिर 'मंडल आयोग' तक का इंतजार करना पड़ा।

### साव ने आरक्षण ....

क्षेत्र में 33 में से 16 जिले अधिसूचित जिले हैं तथा राज्य में अनुसूचित जाति की जनसंख्या 12.72% है। उस अनुपात में 4 सीटें अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हुई है। इस तरह से कुल 33 में से 20 सीटें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हुई, जोकि 50% से अधिक है। इसलिए अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष का कोई पद आरक्षित नहीं हो पाया है। जबकि जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच, पंच के पदों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए नियमानुसार पद आरक्षित हुए है। इस प्रकार राज्य सरकार ने जो आरक्षण निर्धारित किया है, वह सर्वोच्च न्यायालय के नियमानुसार ही है।

### इधर, कांग्रेस हुई .....

प्रदर्शन किया जाएगा। सामान्य सीट पर पूछे गए सवाल को लेकर बैज ने कहा कि परिस्थिति अनुसार फैसला लेंगे। कांग्रेस का कहना है कि प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी। अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। भाजपा सरकार ने प्रदेश में साजिश कर ओबीसी आरक्षण में कटौती की है। अधिकतर जिला, जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है। कांग्रेस ने कहा, मैदानी क्षेत्रों में अनेकों पंचायतें ऐसी हैं, जहां लगभग 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है, लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी हैं।

**ओबीसी वर्ग को हो रहा नुकसान :** बैज ने कहा, सुप्रीम कोर्ट का हवाला देने वाली सरकार के पास क्या कोर्ट जाने का विकल्प नहीं था। ये सरकार बुरी तरह से फंस चुकी है, इसलिए गुमराह करने वाली बात कर रही है। इतने नुकसान का आकलन सरकार ने नहीं किया था। कल सीएम की तीन सभा का ओबीसी समाज ने बहिष्कार कर दिया है। चक्काजाम धरना प्रदर्शन कर बस्तर बंद का ऐलान भी किया है। आने वाले चुनाव में ओबीसी वर्ग की जनता इस सरकार को मुंह तोड़ जवाब देगी।

### हरिभूमि की खबर ....

अध्यक्ष का पेंच सुलझा, राजेंद्र के नाम पर सहमति, आज ऐलान, शीर्षक से खबर का प्रमुखता से प्रकाशन किया था। कवर्धा में डिप्टी सीएम, गृहमंत्री विजय शर्मा, पंडरिया की विधायक भावना बोहरा और अशोक साहू को प्रदेश प्रतिनिधि भी चुना गया। इसी के साथ अब भाजपा के सभी 36 संगठन जिलों में जिलाध्यक्षों का चुनाव पूरा हो गया है। इसी के साथ 135 प्रदेश प्रतिनिधियों का भी चुनाव हो गया है। इनको ही 17 जनवरी को होने वाले प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव में प्रस्तावक, समर्थक बनने के साथ चुनाव की स्थिति में मतदान का अधिकार रहेगा। प्रदेश में भाजपा संगठन ने जिलाध्यक्षों के चुनाव के लिए 5 और 6 जनवरी की तिथि तय की थी। पांच जनवरी को जहां 15 जिलों में चुनाव हुआ, वहीं 6 जनवरी को 19 जिलों में चुनाव करवाने के बाद जिलाध्यक्षों का ऐलान किया गया। लेकिन दो जिले राजनांदगांव और कवर्धा बच गए थे। यहां पर बड़े नेताओं के समर्थकों के नाम के कारण मामला उलझ गया था। पहले राजनांदगांव में मामला सुलझाया गया और वहां पर जिलाध्यक्ष के साथ एक महामंत्री बनाकर फैसला किया गया। इसी तरह की रणनीति कवर्धा के लिए अपनाई जा रही थी, लेकिन वहां पर ऐसी स्थिति नहीं आई। वहां पर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा ने देवकुमारी चंद्रवंशी के स्थान पर राजेंद्र चंद्रवंशी के नाम पर ही सहमति दे दी इसके बाद वहां मंगलवार को जिलाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को पूरा करके जिलाध्यक्ष के नाम का ऐलान किया गया।

### धान खरीदी केंद्र से ....

गजराज पहुंच गया। हाथी ने करीब एक दर्जन बोरी धान चट कर दिया। मंडी के भीतर दाखिल होते ही उसने धान की बोरियों को गिराना शुरू कर दिया, आवाज सुनकर मंडी का सुरक्षाकर्मी पहुंचा और इसके बाद उसने वन अमले का इसकी सूचना दी। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब 11 बजे बंगुरसिया स्थित धान खरीदी केन्द्र में एक हाथी पहुंच गया, सूचना मिलते ही हाथी मित्र दल और वनकर्मी भी मंडी पहुंचे और हाथी को मंडी से जंगल की ओर खदेड़ने का प्रयास करने लगे। किंतु कुछ दूर जाने के बाद हाथी पुनः मंडी में दाखिल हो जाता।

## पेज एक के शेष

### बंद होगा इकलौता .....

पॉलिटेक्निक में 1, मैनेजमेंट में 0 अर्जी

इंजीनियरिंग और फॉर्मेसी पाठ्यक्रमों के अलावा पॉलिटेक्निक और मैनेजमेंट संस्थान भी स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि के अंतर्गत आते हैं। नवीन सत्र में एक नए पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के लिए आवेदन मिले हैं। जबकि एमबीए पाठ्यक्रम के लिए एक भी नए आवेदन नहीं मिले हैं। शिक्षाविदों के अनुसार, आर्किटेक्ट पाठ्यक्रमों की पढ़ाई इंजीनियरिंग संस्थानों में भी होती है। इसकी ही सीटें पूर्ण रूप से नहीं भर पा रही हैं। ऐसे में विशेषकर आर्किटेक्ट कोर्स के लिए बने महाविद्यालय को छात्र मिलना जटिल है। यही वजह है कि यहां ताला लगाने की स्थिति निर्मित हो गई है।

**ऐसी है स्थिति**

| पाठ्यक्रम | कुल महाविद्यालय | नवीन महाविद्यालय के लिए आवेदन |
|---|---|---|
| पॉलिटेक्निक | 43 | 1 (कुरूद) |
| इंजीनियरिंग | 29 | 0 |
| फार्मेसी | 95 | 9(धमतरी, जशपुर, रायपुर, बिलासपुर, गरियाबंद आदि) |
| मैनेजमेंट | 2 | 0 |
| आर्किटेक्ट | 1 | 0 |

**नोट :** उक्त महाविद्यालयों के अलावा शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर में स्थित है। अंबिकापुर, सीएसवीटीयू यूटीडी व विश्वविद्यालय फार्मेसी कॉलेज राजनांदगांव व रायपुर संचालित है। शासकीय संस्थान होने के कारण इन्हें नवीनीकरण आवेदन की आवश्यकता नहीं होती है।

### सीयू का दीक्षांत ....

के हेलीकॉप्टर से 2:10 बजे रवाना होकर 2:50 बजे गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी के समीप हेलीपैड पहुंचेंगे। वे दोपहर 3 से 4 बजे तक एक घंटे तक दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसके बाद वे शाम 4:10 बजे रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे।

### सीआईएसएफ होगी मजबूत ....

एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा, गृह मंत्रालय (एमएचए) ने दो नई बटालियनों के निर्माण को मंजूरी देकर सीआईएसएफ के महत्वपूर्ण विस्तार को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा, यह निर्णय, हाल ही में स्वीकृत महिला बटालियन के साथ मिलकर बल की क्षमता में वृद्धि करेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा और 2,000 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा। प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को मंजूरी मिल गई है। पिछले साल के अंत में बल के लिए एक महिला बटालियन को मंजूरी दी गई थी। बल के पास वर्तमान में 12 रिजर्व बटालियन हैं, जिनमें से प्रत्येक में 1,025 कर्मी हैं।

### इनकी सुरक्षा ....

आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों का एक पूल बनाकर सीआईएसएफ की "बढ़ती" मांगों को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण होंगी।

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## झुक गई इमारत...



**कोलकाता।** कोलकाता, बंगाल के बाघाजतिन इलाके में मंगलवार को एक बहुमंजिला इमारत किनारे की ओर झुक गई। हादसे के अंदेशा से लोगों को आसपास से हटा दिया गया है।

### मंत्री के सहयोगी पर मकोका के तहत मामला दर्ज

**मुंबई।** बीड सरपंच हत्या मामले में अहम जानकारी सामने आई है। महाराष्ट्र की एक अदालत ने मंगलवार को एनसीपी मंत्री धनंजय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मिक कराड को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वह बीड जिले में एक सरपंच की हत्या से जुड़े 2 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में वांछित है।


**//उप नाम परिवर्तन सूचना//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं यगेश्वर साहू (YAGESHWAR SAHU) उम्र 41 वर्ष पिता हेमलाल साहू (HEMLAL SAHU) निवासी-गली नं. 05, डी.पी.एस. किड्स स्कूल के पास, स्वामी विवेकानंद वार्ड नं. 37, धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी हूं।

यह कि मैं पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय कांकेर (छ.ग.), नगर सैनिक कार्यालय के पास सिंगारभाट जिला कांकेर (छ.ग.) में प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी) के पद पर पदस्थ एवं कार्यरत हूं। मेरा कर्मचारी कोड-46253 है। जहाँ मेरी सेवापुस्तिका में मेरा नाम YAGESHWAR SAHOO पिता HEMLAL SAHOO माता SOHADRA SAHOO दर्ज है।

यह कि YAGESHWAR SAHU पिता HEMLAL SAHU एवं YAGESHWAR SAHOO पिता HEMLAL SAHOO मुझ एक ही व्यक्ति का नाम है, अन्य कोई दूसरा नहीं है तथा उपरोक्त सभी दस्तावेज में दिए गए तथ्य सत्य व सही है।

यह कि मैं सेवापुस्तिका एवं अन्य समस्त दस्तावेज में मेरा सही एवं वास्तविक नाम YAGESHWAR SAHU पिता HEMLAL SAHU एवं माता का नाम सोहद्रा साहू (SOHADRA SAHU) संशोधन कराना चाहता हूं तथा वर्तमान एवं भविष्य में भी मैं यगेश्वर साहू (YAGESHWAR SAHU) पिता हेमलाल साहू (HEMLAL SAHU) माता सोहद्रा साहू (SOHADRA SAHU) के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊंगा। इन तथ्यों के आधार पर मैं अपना उप नाम परिवर्तन कराना चाहता हूं। अतएव उपरोक्त तथ्यों की पुष्टि के लिए यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूं।

स्थान : धमतरी
दिनांक : 14.01.2025

यगेश्वर साहू (YAGESHWAR SAHU)
पिता हेमलाल साहू (HEMLAL SAHU)
निवासी-गली नं. 05, डी.पी.एस. किड्स स्कूल के पास, स्वामी विवेकानंद वार्ड नं. 37, धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)


# भाजपा ने मिल्कीपुर सीट पर खोले पत्ते, चंद्रभान पासवान प्रत्याशी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए चंद्रभान पासवान को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। पासवान पेशे से वकील हैं। मिल्कीपुर के उपचुनाव में प्रमुख दावेदारों में शामिल थे। वह भाजपा की जिला इकाई में कार्य समिति के भी सदस्य हैं। उनकी पत्नी रुदौली से दो बार से जिला पंचायत सदस्य हैं। उनके पिता बाबा राम लखन दास ग्राम प्रधान है। मिल्कीपुर सीट पर सालों से समाजवादी पार्टी का ही कब्जा रहा है।

**खास बातें**

- सपा उम्मीदवार अजीत प्रसाद से होगी सीधी टक्कर
- कांग्रेस और बसपा में मैदान में नहीं होने से मुकाबला बना दिलचस्प

**5 फरवरी को होनी है वोटिंग**

मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 5 फरवरी को वोटिंग और 8 फरवरी को मतगणना होगी। नवंबर में हुए नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव में सिर्फ दो सीटें जीतने वाली सपा को झटका लगा था। मिल्कीपुर से सटी कटेहरी सीट पर उसे हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी के विधायक रहे लालजी वर्मा के सांसद बनने के बाद उपचुनाव में भाजपा ने जीत दर्ज की थी।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद गौरेला, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)**
E-mail- npgaurellacmo@gmail.com

क्रमांक / 72/न.पा./तक.शा./2024-25 गौरेला, दिनांक :- 10.01.2025

**// ई-प्रोक्योरमेंट // निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद गौरेला में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु C.G. PWD Building & Road S.O.R. 01.01.2015 (समतुल्य/कम/अधिक) दर पर ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाख रू. में) | धरोहर राशि | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 164272 | सी.एम.ओ. एवं इंजीनियर क्वाटर निर्माण कार्य वार्ड क्रमांक 05 | 45.13 | 36000 | 04.02.2025 |

टीप :- 1. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http:cgeprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 2. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है। 3. फिजिकल दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.02.2025 को समय शाम 5.30 बजे तक।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद गौरेला

**छत्तीसगढ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, क्रमांक, 01 अंबिकापुर**
Main Portal: http://cgeprocurement.gov.in
WRD Portal: http://wrd.cgeprocurement.gov.in

**-: निविदा निरस्तीकरण सूचना :-**

आदेश क्रमांक - 109 / व.ले.लि./2024-25 अम्बिकापुर, दिनांक 10.01.2025

इस कार्यालय के निविदा सूचना क्रमांक 06/व.ले.लि./ 2024-25 दिनांक 09.12.2024 सिस्टम नं. 162375 (प्रथम आमंत्रण) माण्ड व्यपवर्तन योजना के दांयी तट नहर का निर्माण कार्य अनुमोदित लागत राशि रू. 2933.39 लाख के निविदा का प्रकाशन किया गया था, जिसका "जी" नम्बर 242504587 दिनांक 16.12.2024 है। को अपरिहार्य कारणों से निविदा निरस्त किया जाता है।

- सही-
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 01, अम्बिकापुर
कृते - मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग अम्बिकापुर (छ.ग.)

G-242505314/3

**CHHATTISGARH STATE RENEWABLE ENERGY DEVELOPMENT AGENCY**
(Dept. of Energy, Govt. of Chhattisgarh)
VIP Road (Airport Road), Near Energy Education Park, Raipur (C.G.)
Tel.: 90394-64896 E-mail: credatendercell@gmail.com Web: www.creda.co.in
NIT Ref. No.16110/CREDA/ECBC TRAINING/2024-25 Date: 09.01.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

CREDA invites e-Tender for Hiring of an Agency for conduct Training Programs / Workshops on Energy Conservation Building Code (ECBC) and all related services defined in the scope of work.

**Last date of submission of Online Bid : 10.02.2025 till 5:00 PM**
**Opening of Online Bid : 11.02.2025 12:00 PM onwards**

Technical Bid and Financial Bid will be submitted online only at "https://eproc.cgstate.gov.in Bidders are advised to follow the instructions provided for Registration and e-Submission Process accordingly.(For any query about e-bidding please visit user manual at https://eproc.cgstate.gov.in.)

Tender document is available at **www.creda.co.in** and at **https://eproc.cgstate.gov.in**
CREDA reserves all rights to accept/reject any or all bids in full/part without assigning any reasons.

**Executive Engineer (RE-IV)**
**CREDA**

**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in**

**NIT NO: 2655/RMC/2025** **RAIPUR DATED : 14/01/2025**

Online bids are invited for the following works up to 04/02/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work/Description of work | Min Reserve Price |
|---|---|---|---|
| 1 | 164308 | REQUEST FOR PROPOSL (RFP) For the Construction Operation, Maintenance, and Utilization of 144-Digital Pole Kiosk (2'6'' to 4'6'') from kachari chowk to lodhi para chowk and from Jaystambh Chowk to ravishankar shukla university gate for Advertising Purposes. | 30,000,00.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 14/01/2025, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal NIT Details and other documents.

**Note:-** (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. ***Help Desk at Toll Free No. 18004199140*** or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

**TOWN PLANNER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)**

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-2/2024/1244/280 **ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना** भिलाई दिनांक 31/12/2024

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर आमंत्रित की गई है, जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।


| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | BID Due की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.-21 कैलाश नगर मार्गो का डामरीकरण, वार्ड 22 साईं मंदिर के सामने मुख्य मार्ग का डामरीकरण कार्य, वार्ड 22 कुरुद शीतला तालाब के दक्षिण मार्ग का डामरीकरण कार्य। | 163615 | 79.22 | 31.12.2024 से 22.01.2025 तक | 24.01.2025 |

(नोटः- ई टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं EMD/FDR प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा / दर को नहीं खोला जावेगा।)

उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यो सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त (जोन-02)
नगर पालिक निगम, भिलाई


## शब्द पहेली - 5748



**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली- 5747 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5759

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5758 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जुगेश्वर साहू पिता संतराम साहू (24 वर्ष) निवासी चुररूपाली थाना तेंदूकोना 11 जनवरी की सुबह 5.30 बजे महासमुंद से फिंगेश्वर की ओर अपने मोटर सायकल बिना नंबर की पल्सर सोल्ड से जा रहा था। ग्राम शेर गांव में बहादुर साहू के खेत के सामने पहुंचा था, उसी समय पीछे से बाइक सीजी 06 जीजेड 8256 के चालक ने तेज गति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे जुगेश्वर साहू रोड से नीचे मोटर सायकल सहित गिर गया, एक्सीडेंट से सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौत हो गई।

### तूफान की टक्कर से बाइक चालक की मौत

धमतरी। बटरेल मार्ग पर तेज रफ्तार तूफान ने बाइक को ठोकर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल चालक को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सुनील साहू पिता लुकेश्वर उम्र 24 वर्ष ग्राम सुर्रा थाना गुरुर निवासी मजदूरी का काम करता था। युवक सोमवार की शाम घर की मोटरसाइकिल में सवार होकर किसी काम से ग्राम बटरेल जा रहा था। इसी दौरान ग्राम रींवागहन व बटरेल के बीच वहां से गुजर रहे तेज रफ्तार तूफान वाहन के चालक ने बाइक को ठोकर मार दी। इस हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बटरेल अस्पताल में लाया गया। गंभीर हालत को देख रिफर करने पर घायल को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप पश्चात युवक को मृत घोषित कर दिया।

### नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। प्रार्थिया द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि आरोपी संदीप सिंह द्वारा नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग किस्त में प्रार्थिया से कुल 6.30 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी की है। साथ ही नौकरी लगाने के लिए आरोपी द्वारा फर्जी जॉइनिंग लेटर भी दिया गया है। रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 420, 294, 506, 467, 468, 471 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी संतोष सिंह राजपूत उर्फ दीपक 34 वर्ष निवासी प्रगति नगर कैंप 1 भिलाई थाना छावनी जिला दुर्ग को हिरासत में लिया।

### पति-पत्नी से मारपीट

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र के ग्राम रामाडबरी में पति-पत्नी के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी उमाशंकर बारले ग्राम रामाडबरी 13 जनवरी की शाम करीब 5.30 बजे अपने घर के बाहर बैठा था, उसी समय गांव के डिगेश गिलहरे, लोदो उर्फ हेमकुमार गिलहरे आए और प्रार्थी को तुम्हारे बेटे को घर से बाहर निकालो कहकर गाली गलौच करते हुए हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बीच बचाव करने प्रार्थी की पत्नी सुकवंतिन बारले के साथ भी गाली गलौज कर मारपीट की गई।

## बोरीगारका में मिला 359 कट्टा धान अतिरिक्त, हिर्री में 28 क्विंटल शार्टेज

# आधा दर्जन उपार्जन केन्द्रों के धान स्टॉक में पाई गई गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धान खरीदी केन्द्रों में शार्टेज के बजाय अतिरिक्त धान मिलने से अफसरों के होश उड़ गए हैं। राज्य शासन द्वारा स्टाक मिलान के लिए भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए है।

ऐसे में आशंका जताई जा रही थी कि, जांच में सोसायटियों से धान कम मिलेगा। लेकिन यहां उलट हो गया है और लाखों रूपए का धान अधिक पाया गया है। जांच टीम की माने तो कोचियां के धान को खपाने का यहां प्रबंधको द्वारा षडयंत्र रचा जा रहा है। पिछले धान खरीदी की शुरूआती दौर से ही किसान अधिक धान तौलाई की शिकायत कर रहे थे। जांच में इस बात की पुष्टि हुई है कि, आधा दर्जन केन्द्रो में निर्धारित स्टाक से अधिक धान पाया गया हैं। इस तरह प्रबंधको द्वारा व्यापक पैमाने पर गडबडी की गई हैं।

जिले के 78 उपार्जन केन्द्रों में से छः केन्द्रों में करीब 14 लाख 5360 रूपए की गडबडी सामने आई हैं, यानि यहां अधिक धान पाया गया हैं। जिले के बोरीगारका, बोरी, हिर्री, टेमरी, दनिया और पाहरा उपार्जन केन्द्रों में गडबडी की रिपोर्ट कलेक्टर को भेज दी गई हैं। केन्द्रों में अनियमितता सामने आने के बाद प्रशासन द्वारा बडी कार्यवाही की जा सकती हैं। केन्द्रों में जांच से प्रबंधको के बीच हडकंप मची हुई हैं।

### छः सोसायटी में मिला 457 क्विंटल धान अधिक

खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के बोरीगारका सोसायटी में ज्यादा गडबडी मिली हैं। यहां 359 कट्टा धान को कोई हिसाब नही मिला है। आशंका जताई गई है कि, यहां बाहरी कोचियां के धान को खपाए जाने की तैयारी प्रबंधक द्वारा की गई थी। इसी तरह बोरी सोसायटी में मोटा धान तीस क्विंटल और पतला 88 क्विंटल, सरना 25 क्विंटल अधिक पाया गया। वहीं हिर्री केन्द्र में मोटा 28 क्विंटल शार्टेज मिला है और पतला धान 5.6 क्विंटल ज्यादा मिला हैं। दनिया में 36 क्विंटल पतला धान अधिक व सरना 11.6 क्विंटल अधिक पाया गया। इस तरह करीब 14 लाख से अधिक का धान अतिरिक्त मिला हैं।



### जांच जारी

राज्य शासन के निर्देश पर टीम द्वारा केन्द्रों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा हैं। जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी गई हैं।

-टीएस अतरी, प्रभारी खाद्य नियंत्रक दुर्ग

### बनाई गई है जांच टीम, कोचियां का खप रहा धान

राज्य शासन द्वारा इस बार शुरूआती दौर में ही जांच कराई जा रही है, ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके। इस तरह की जांच प्रदेशभर में हो रही हैं। बिलासपुर जिले में तो सबसे ज्यादा पाचं केन्द्रों में ही 52.84 लाख की गडबडी मिली हैं। खाद्य नियंत्रक टीएस अत्री ने बताया कि, शासन के निर्देशानुसार उपार्जन केन्द्रों का सत्यापन तीन चरणों में किया जाएगा पहला चरण 7 से 14, दूसरा 14 से 22 एवं तृतीय चरण 23 से 31 जनवरी के बीच किया जाएगा। जिले में 102 उपार्जन केन्द्रों के लिए दल का गठन पूरा कर लिया गया है। सभी 102 दल में 3-3 सदस्य है, जिन्हें सत्यापन कार्य एंड्राइड एप से करने कहा गया हें।

# सहकारिता विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर दिया फर्जी नियुक्ति पत्र, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सहकारिता विभाग में क्लर्क एवं चपरासी का नौकरी लगाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी कमरूल हसन 59 वर्ष निवासी बख्तावर चाल तुलसीपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष अनावेदक वसीम अहमद निवासी डोंगरगांव एवं मोहसीन खान निवासी छुरिया द्वारा 22 जून को उसके पुत्र को सहकारिता विभाग मानपुर-मोहला में क्लर्क एवं चपरासी की नौकरी लगवाने एवं इसकी पुत्री को मनरेगा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर 4,00,000 रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र देने के संबंध में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस मामले की जांच पर आरोपियों के विरूद्ध अपराध घटित करना पाए जाने से थाना कोतवाली में धारा 318(4), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस टीम ने आरोपी के निवास स्थान भेजकर दोनों आरोपियों मोहसीन खान 33 साल साकिन वार्ड नं 6 थाना छुरिया व वसीम अहमद 32 साल साकिन वार्ड नं. 4 गायत्री मंदिर के पास डोंगरगांव को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर अपराध कबूल किया गया। प्रकरण में धारा 336, 338, 340, 3(5) बीएनएस समाहित कर 14 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया।

# ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार दो युवक की मौत

**अभनपुर।** पुराना धमतरी रोड कल्पतरू पावर प्लांट खोरपा के समीप 13 जनवरी रात 11:30 बजे करीब ईवी स्कूटी में सवार दो युवकों की ट्रक में जा घुस जाने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी अनुसार बोरियाखुर्द निवासी शुभम जांगड़े पिता संतोष जागड़े उम्र 23 वर्ष, रूद्राप्रताप मारकंडे पिता बद्री मारकंडे उम्र 22 वर्ष सिवनी दोनों व्यक्ति अभनपुर क्षेत्र के लमकेनी गांव के मंडई मेला में सम्मिलित होने गये थे। वापसी घर जाते समय रात 11.30 बजे करीब सामने से आ रही दो ट्रकों को तेज रफ्तार से ओवरटेक करते हुए तीसरी ट्रक अचानक सामने आ जाने से स्कूटी सवार युवकों द्वारा ब्रेक मारने के बावजूद ट्रक में जा घुसे जिससे एक युवक शुभम जांगड़े का शरीर दो टुकड़े में बट गया। जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा रूद्राप्रताप मारकंडे को कल्पतरू पावर प्लांट के एंबुलेस से अस्पताल लाया जा रहा था अस्पताल पहुंचने के पहले ही दम तोड़ दिया।

ट्रक चालक एक्सीटेन्ट के बाद मौके पर नहीं रुका अभनपुर पुलिस अज्ञात वाहन के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना मे लिया गया है।

### रील्स पर कमेंट, युवक पर चाकू से हमला

**धमतरी।** इंस्टाग्राम की एक रील्स पर कमेंट करने पर चार से पांच युवकों ने एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक का आईसीयू में उपचार जारी है। घायल के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम आमदी के भाठापारा निवासी सागर साहू पिता शैलेन्द्र उम्र 19 वर्ष ने इंस्टाग्राम में अपलोड एक लड़की के गाने की रील्स पर ऐसे गा लिखकर कमेंट कर दिया। रील्स पर किये गये कमेंट पर सोमवार को चार से पांच युवक उसके घर के पास पहुंचे। युवक सागर को फोनकर घर से बाहर बुलाकर विवाद करने लगे। कमेंट करने की बात पर युवकों ने सागर से गाली- गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। इतने में एक युवक ने जेब से धारदार चाकू निकाल सागर के सीने में दो जगह, पेट की दायीं तरफ व हाथ में ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना में सागर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया।

# चाइनीज मांझा से फिर बाइक सवार घायल, उपचार जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

चाइनीज मांजा से फिर एक बाइक सवार घायल हो गया है। घटना पावर हाउस के पास की है,युवक को नाक और आंख के पास गंभीर चोट आई है। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम फरीद नगर निवासी फिरोज खान छावनी चौक पावर हाउस की तरफ जा रहा था। तभी ओवर ब्रिज के पास अचानक कटी पतंग चेहरे के पास उड़ते हुए आई और पतंग में लगे चाइनीज मांझे से उसकी नाक और आंख कटी है। घटना के बाद युवक के दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां उसके चेहरे पर 6 टांके लगे है। शहर में चायनीज मांजे को लेकर नगर निगम सजग होकर कार्रवाई किया लेकिन अब भी दुकानों में चायनीज मांजा का कारोबार बेखौफ तरीके से जारी है। फिलहाल चाइनीज मांजा का अवैध कारोबार बंद नहीं हो पाया है। उक्त मांजे से अब तक जिले में आधा दर्ज से अधिक लोग घायल हो चुके है।

# प्रोफेसर हमले का अब राज जानेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शासकीय खूबचंद बघेल भिलाई तीन में पदस्थ प्रोफेसर विनोद शर्मा पर हुए हमले का मास्टर माइंड प्रोबीर शर्मा और उसका दोस्त धीरज वस्त्राकार को पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अमिता जायसवाल के यहां से 8 दिनों का पुलिस रिमाण्ड मिला है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 296, 109, 352 (2), 249 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। प्रो विनोद शर्मा पर हमला करने का कारण, किसके कहने पर किया गया और साजिशकर्ता कौन है। इसे लेकर पुलिस पूछताछ करेगी। प्रोबीर शर्मा घटना को अंजाम देने के बाद कहां-कहां पर गया और इस अपराध में और कौन-कौन शामिल है। जिसकी जानकारी प्रोबीर शर्मा, शुभम मिश्रा, धीरज वस्त्राकार को लग चुकी थी। तीनों आरोपी अपने-अपने ठिकानों पर फरार होकर पुलिस से छिप रहे थे। तब प्रोबीर शर्मा कर्नाटक, मथुरा, पंजाब और आंध्रप्रदेश के काकनीनाडा में छुप कर बैठा हुआ था। आरोपियों का पुलिस रिमाण्ड न्यायालय भिलाई तीन ने 14 से 21 जनवरी तक है। 22 जनवरी को पुलिस न्यायालय में पेश करेगी।



### प्रदेश से बाहर फेंका मोबाइल

पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रोबीर शर्मा समेत उसकी टीम ने घटना को अंजाम देने के बाद जिस समय मोबाइल का इस्तेमाल किया गया था। उस मोबाइल को आरोपी ने छत्तीसगढ़ के बाहर फेंक कर आगे बढ़ गए थे। उक्त मोबाइल की बरामदगी के लिए पुलिस की टीम आरोपी को उस प्रदेश में लेकर जाएगी। इसके अलावा रिमांड के दौरान पुलिस पूछताछ की विडियो ग्राफी कराने की बात सामने आई है। साथ ही साथ पुलिस को प्रोबीर शर्मा के मोबाइल कई अहम सुराग भी हाथ लगा है। जिसमें कई लोगों से बातचीत करने को लेकर बात सामने आई है। जांच के बाद पुलिस इसमें बड़ा खुलासा कर सकती है।



# उनसे ही ले रही हैं सीख

एजेंसी ▸▸ मुंबई



रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी फिल्म आजाद से अपना डेब्यू करने जा रही हैं। इस फिल्म में उन्हें अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ नजर आएंगी। फिल्म के ट्रेलर और सॉन्ग उई उम्मा में राशा को पसंद किया गया। सोशल मीडिया पर उनकी तुलना स्टार किड्स सुहाना खान, जाह्नवी और खुशी कपूर से होने लगी। अब तुलना पर राशा ने अपनी बात रखी है। साथ ही ये भी कहा कि जिनसे भी उनकी तुलना हो रही है वो उनसे ज्यादा अनुभवी हैं और वो उनसे ही सीख ले रही हैं। राशा थडानी इन दिनों अपनी फिल्म आजाद का प्रमोशन कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने जब फिल्मीज्ञान से बात करते हुए दूसरे स्टार किड्स सुहाना खान, जाह्नवी, खुशी कपूर से अपनी तुलना पर अपनी बात रखी। राशा ने कहा, 'मुझे लगता है कि वे सभी मुझसे ज्यादा अनुभवी हैं। उन्होंने मुझसे ज्यादा काम किया है। उन्होंने पहले ही फिल्में की हैं और उनकी रिलीज़ हो चुकी हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि मुझे उनसे कुछ सीखने को मिल सकता है। उनके पास ज्यादा अनुभव है, इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह कुछ ऐसा है जैसा कहा जा रहा है।' राशा थडानी को अपनी पढ़ाई के दौरान ही उनकी पहली फिल्म आजाद मिल गई। एक वीडियो सामने आया था जिसमें उन्हें मेकअप रूम में पढ़ते देखा गया था। अब राशा फिल्मों में कदम रखने जा रही हैं। अपने डांस मूव्स से वो पहले ही लोगों को इम्प्रेस कर चुकी हैं, अब उनकी एक्टिंग देखने का इंतजार हो रहा है। राशा, अजय देवगन के भांजे अमन के साथ अभिषेक कपूर के डायरेक्शन में बनी फिल्म आजाद से डेब्यू क्र रही हैं। हाल में फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था जिसे पसंद किया गया। आजाद एक घोड़े पर बेस्ड कहानी है जिसका अपना एक इमोशनल टच है। ये फिल्म 17 जनवरी को रिलीज़ हो रही है।

# पतंग उड़ा कर मनाई मकर संक्रांति



**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार और परेश रावल ने अपनी फिल्म 'भूत बंगला' की शूटिंग से ब्रेक लेकर सेट पर मकर संक्रांति का त्योहार मनाया। दोनों एक्टर्स ने जयपुर के सिसोदिया रानी का बाग में पतंग उड़ाकर इस फेस्टिवल को एन्जॉय करते हुए अपने फैंस को भी मकर संक्रांति की बधाई भी दी। अक्षय ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्हें पतंग उड़ाते देखा जा सकता है। उनके साथ परेश रावल कुर्ता पायजामा पहन मांजे का रोल अपने हाथों में पकड़े हुए हैं। इस वीडियो को अक्षय कुमार के फैंस पंसद कर रहे हैं। अक्षय कुमार ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'अपने दोस्त परेश रावल के साथ अपनी फिल्म 'भूत बंगला' के सेट पर मकर संक्रांति का त्योहार मना रहा हूं।

# महाकुंभ में शुरू हुई 'अखंडा 2' की शूटिंग



नई दिल्ली। साउथ सुपरस्टार नंदमुरी बालकृष्ण और निर्देशक बोयापति श्रीनु ने साथ मिलकर तीन ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। तीनों फिल्में- सिम्हा, लीजेंड और 'अखंडा' बॉक्स ऑफिस पर छा गईं। इसके बाद बोयापति ने अपनी चौथी फिल्म का ऐलान किया था, जिसका शीर्षक है- 'अखंडा 2-तांडवम'। अब निर्माताओं ने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए इसकी शूटिंग के बारे जानकारी दी है। महाकुंभ मेले में 'अखंडा 2- तांडवम' की शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म 'अखंडा 2' पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी।


**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC015820, GST No.22AADCC5773E1ZX
O/o Executive Director (Project), Address: Third floor, SLDC Building, Danganiya Raipur-492013
Website : www.cpsc.co.in Phone: 0771-2574209/41/12 Fax: 0771-2574246

No.02-04/NIT/TR-24/09/2240 Raipur/dtd. 14 JAN 2025

**E-TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited from experienced Bidders for taking up the following project on turnkey basis-

| Sl. No | Tender No. | Particulars | Cost of Tender Documents (Non-refundable) | Earnest money Deposit (EMD) | Due date of opening of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TR -24/09 RFx No. - 8100040609 | Construction of 5 Nos. additional 220 KV feeder bays at 400/220 KV S/s Raita as per Package 'A' & Package 'B' | Rs. 10,000.00 (including 18 % GST) | Rs. 5.00 lacs | 11.02.2025 (15:30 Hrs.) |

For all other details of NIT and Terms & conditions, please visit our web-site:- i) https://cspc.co.in/cspc/csptcl->Tender Notice **E-bidding Portal**:-ii) https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal

Executive Director (Project)
CSPTCL, Raipur

//SAVE ELECTRICITY//



# फ्लैट बेचना है किराये से देना है

शंकर नगर रायपुर में श्रीराम RESIDENCY में 4BH का फ्लैट सर्वसुविधा युक्त बेचना है किराये से देना है।

इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-

मो. : 9977345867



**छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**

प्रथम निविदा– ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)
Website - www.cgmsc.gov.in
Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in क्र. /13061/ निर्माण / 2025 दिनांक : 11/01/2025

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रू. लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 10282 | जिला रायपुर के राज्य खाद्य औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी में रेनोवेशन एवं पेवर ब्लॉक व शेड का निर्माण कार्य । (प्रपत्र – अ) | 25.10 |
| 2 | 10283 | जिला दुर्ग में New District Vaccine Store के भवन निर्माण कार्य के संबंध में । (प्रपत्र – अ) | 31.42 |
| 3 | 10284 | जिला रायपुर के शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में निर्मित भवन के चारों ओर नई फायर फाईटिंग पाईप लाईन व ट्रेंच का कार्य । (प्रपत्र – ब ) | 52.51 |
| 4 | 10285 | जिला रायपुर के शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में पूर्व से निर्मित बालक छात्रावास, कन्या छात्रावास एवं स्टॉफ क्वार्टर, भवन तथा प्रस्तावित नवीन पीजी बालक एवं कन्या छात्रावास हेतु नई फायर फाईटिंग पाईप लाईन का कार्य तथा ट्रेंच व पंप हाउस का निर्माण कार्य । (प्रपत्र – ब) | 98.73 |
| | | निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर **दिनांक** 17/01/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी **अंतिम तिथि दिनांक** 10/02/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी । | |

S-42763/2 अधीक्षण अभियंता


# धनुष ने साझा किए 'इडली कढ़ाई' के दो नए पोस्टर...



**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक धनुष ने अपनी फिल्म 'इडली कढ़ाई' से नए पोस्टर साझा किए हैं, जिसमें अभिनेत्री नित्या मेनन भी हैं। यह फिल्म इसी अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। साउथ अभिनेता और निर्देशक धनुष की चौथी निर्देशित फिल्म 'इडली कड़ाई' के लिए भी कमर कस रहे रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेता नित्या में के साथ नजर आएंगे। एक पोस्टर में धनुष दूर से एक सुंदर पृष्ठभूमि में एक पेड़ के नीचे सुकून के साथ बैठे नजर आ रहे हैं। उनके बगल में एक बछड़ा भी नजर आ रहा है। वहीं, दूसरे पोस्टर में धनुष खेत के बीच अभिनत्री नित्या मेनन को गले लगाते हुए नजर आए। दोनों एक-दूसरे के प्यार में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट साझा करते हुए धनुष ने कैप्शन में लिखा, 'हैप्पी पोंगल'। सितंबर में धनुष ने 'इडली कढ़ाई' की घोषणा की थी, जिसका मतलब है 'इडली शॉप'। उन्होंने जो पोस्टर ऑनलाइन शेयर किया था, उसमें एक सुनसान गली में एक पेड़ से घिरी एक पुरानी दिखने वाली सड़क किनारे की झोपड़ी दिखाई गई थी, जो तारों से जगमगा रही थी। इसमें एक युवक को दुकान के बाहर खड़ा दिखाया गया था, जबकि एक अन्य व्यक्ति अंदर सामान संभालता हुआ दिखाई दे रहा था।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-378/24-25/3905 Raipur, Dtd 14 / 01/2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-378/24-25**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no./RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | CP-439/24-25 8100041195(with RLA) | Procurement of Conveyor Rollers for 4x210MW & 1x500MW Ext., HTPS, Korba West. | Upto 13.02.2025 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:– https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal
Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

-Sd-
Chief Engineer (S&P:Gen)
CSPGCL: Raipur

//Save Electricity//


## टीवी मसाला

# हिना ने सिद्धिविनायक मंदिर के किए दर्शन...



**मुंबई।** एक्ट्रेस हिना खान तीसरे स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर की जंग लड़ रही हैं। मगर वह इस दर्द में भी मुस्कुराती हुई नजर आती हैं। लोगों से अच्छे से रूबरू होती हैं। उन्हे सोमवार की शाम मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर का दर्शन करते देखा गया। पपाराजी ने उन्हें स्पॉट किया। इस दौरान चंकी पांडे भी नजर आए, जिनसे वह मिलीं और उसका वीडियो वायरल हो गया। दरअसल, हिना खान अपनी अपकमिंग वेब सीरीज 'गृह लक्ष्मी' प्रमोट कर रही हैं। इसमें उनके साथ चंकी पांडे, राहुल देव और दिब्येंदु भट्टाचार्या नजर आएंगे। 16 जनवरी को ये सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म ईपीआई ओएन पर स्ट्रीम होगी। इसमें एक्ट्रेस के किरदार का नाम लक्ष्मी है तो चंकी पांजे करीम काजी का रोल निभाया है। वहीं, राहुल देव टोकस और दिब्येंदु विक्रम का कैरेक्टर प्ले करेंगे। इसे रुमान किदवई ने डायरेक्ट किया है और उमंग बीना सक्सेना ने अजयदीप संह औ कौशिक के साथ लिखा है। अब इसी की रिलीज से पहले स्टारकास्ट सिद्धिविनायक मंदिर पहुंची। बप्पा का आशीर्वाद लेने के बाद हिना खान को स्पॉट किया गया। वह नीले रंग के अटायर में नजर आ रही थीं। यहां पैप्स को पोज देने के बीच फैंस ने उन्हें एक सेल्फी के लिए पुकारा और वह फौरन दौड़ती हुई चली गईं और ये नजारा चंकी पांडे देखते रह गए। इस दौरान एक्ट्रेस ने 'गणपति बप्पा मोर्या' भी कहा और लोगों का दिल जीत लिया।

## अभिरा के पीछे हाथ धोकर पड़ेगा अरमान, गिन गिनकर लेगा अपनी मां के अपमान का बदला



**नई दिल्ली।** 'ये रिश्ता क्या कहलाता है'में अरमान, अभिरा के पीछे हाथ धोकर पड़ जाएगा। अरमान, अभिरा से अपनी मां की बेइज्जती का बदला लेगा। वह अभिरा के करियर को तबाह कर देगा। इतना ही नहीं, उस पर झूठे और घिनौने आरोप भी लगाएगा। अरमान का ये रूप देख अभिरा पूरी तरह से टूट जाएगी। वह समझ ही नहीं पाएगी कि अरमान उसके साथ ऐसा क्यों कर रहा है। सामने आए प्रोमो के मुताबिक, अरमान अपनी मां से वादा करने के बाद कॉलेज जाता है। पढ़ाते वक्त अरमान के हाथ से चॉक गिर जाती है। ऐसे में जब वह चॉक उठाने नीचे झुकता है तब अभिरा कहती है, 'अरमान देखकर।' अरमान भड़क जाता है। वह सबके सामने अभिरा पर चिल्लाने लगता है। वह कहता है, 'बिहेव मिस शर्मा! हम दोनों का क्या रिश्ता है, याद है?' अभिरा कहती है, 'आप एक टिचर हैं और मैं एक स्टूडेंट।' अरमान कहता है, 'तो कौन-सा स्टूडेंट अपने टिचर को नाम से बुलाता है? आज के बाद आप मुझे सिर्फ सर कहेंगी।' मामला यहीं शांत नहीं होता है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अरमान, अभिरा पर रिश्वत लेने का इल्जाम लगाएगा। अरमान की इस चाल की वजह से अभिरा का करियर बर्बाद हो जाएगा।


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**सिक्योरिटीगार्ड**

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड हाइट 5 फिट से शुरू वेतन 12000/- से 20200/- तक (PF+ ESIC +BONUS +रहना फ्री) मेंस की सुविधा 5वीं से 12वीं तक **कार्या:-शिव सेक्युरिटी कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका चौक, रेल्वे स्टेशन के पास, रायपुर (छ.ग.) मों. 0771-4036689, 8120957510, 9630939692.**(RO-2482)

आवश्यकता है- सिक्युरिटी गार्ड , मार्केटिंग अफसर, कम्प्यूटर ऑपरेटर वेतन 14500 से 18000 **पता** TANGO SECURITY PVT. LTD. **ऑरेंज हाइव 6 फ्लोर ऑफिस 603 मोवा रायपुर मो.- 8109070600, 7869230888.**(RO-2476)

आवश्यकता है- कम्प्युटर ऑपरेटर, सुपरवाइजर, सुरक्षा गार्ड, लेडी गार्ड, मार्केटिंग अधिकारी, योग्यता 10वीं-स्नातकोत्तर, गार्ड ऊंचाई 5.7) वेतन योग्यतानुसार **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **434, चतुर्थतल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर मोबाइल: - 7746000016, 7747000019.** (RO-3160)

आवश्यकता है- ब्लू डायमंड सिक्यूरिटी सर्विसेस में सिक्यूरिटी गार्डो एवं सुपरवाइजर की आवश्यकता है। **ऑफिस पता:- सद्भावना चौक , सिरसा रोड, कोहका भिलाई मो.- 9406445399, 8815228629** (आरो न.-659)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**होम केयर वर्क**

आवश्यकता है- आनंद होम केयर में काम करने हेतु लड़कियों एवं महिलाओं की आवश्यकता है मरीजों, बुजुर्गों एवं बेबी केयर के लिए ट्रेनिंग फ्री रहना- खाना फ्री वेतन- 12000/- से 15000/- **मों- 9302224133, 975 2391977.** (RO-2487)

**हेल्थ केयर स्टाफ**

आवश्यकता है- NUGA BEST शिव हेल्थ केयर सेंटर स्टाफ के लिए मैडम की आवश्यकता है सैलरी- योग्यतानुसार योग्यता 10वीं और 12वीं पास **पता:- इंडियन बैंक के ऊपर डगनिया मोड, सुंदर नगर, रायपुर मों- 7566181849.** (RO-2491)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- डिजायर टैक्सी चलाने के लिए ड्रायवर की आवश्यकता है। तेलीबांधा रायपुर **अनुभवी ही संपर्क करें-7470308181, 7697800066.**(RO-7434)

आवश्यकता है- टेड़ेसरा, रायपुर एवं महासमुंद पेट्रोल पंप में काम करने के लिए हेल्पर एवं मिनी टैंकर चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। **संपर्क करे 9074854530.**(आरो न.-1884)

**सेल्स/मार्केटिंग**

आवश्यकता है- वाटर ट्रीटमेंट / स्विमिंग पूल केमिकल्स सेल्स मार्केटिंग करने हेतु सेल्स ऐक्जीव्यूटिव। अनुभवी को प्राथमिकता **सम्पर्क करे: 9575711110.** (RO-7437)

**पैकिंग/डिलिवरी कार्य**

आवश्यकता है- ऑनलाइन फल एवं सब्जी की पैकेजिंग एवं डिलीवरी के लिए लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता **संपर्क:- R.J.फ्रेश मार्ट महाराज चौक बोरसी रोड दुर्ग MO.9644499864.**(आरो न.-1882)

**टीचर**

आवश्यकता है- अरिहंत एकाडमी बालोद CBSE में maths( TGT, MSC) chemistry (PGT, MSC) P.E( PGT) computer (PRD, PGDCA) Hindi एवं मदर टीचर की आवश्यकता है **संपर्क -77488-48000.**(आरो न.-1885)

**अकाउटेंट/सेल्समैन**

आवश्यकता है- थोक कपडे में केवल पुरूष कम्प्युटर में बिल बनाने हेतु व फुल टाइम अकाउन्टेंट, अनुभवी सेल्समैन एंव साडी, हैंडलूम और सुटिंग शार्टिंग में काम करने हेतु कर्मचारी की आवश्यकता हैं **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9977252503.** (RO-7251)

**शोरूम वर्क**

आवश्यकता है- इलेक्ट्रिक -बाइक शो रूम में काम करने हेतु लड़की/ महिला एवं लड़के की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार समय सुबह 10:00 से 8:00 बजे तक **पता:- शिक्षा इलेक्ट्रिक वेटीकल, भनपुरी चौक ग्रामीण बैंक के बगल, रायपुर मों नंबर- 8319800009.** (RO-3226)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- आगरा में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 8937847856, 6395268809.**(RO-36516)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता हैं, आकर्षक वेतन । **संपर्क - समय 12 से 7 बजे । पूजा साड़ी,महालक्ष्मी क्लॉथ मार्केट, पंडरी, रायपुर** ।(RO-422)

**पैकिंग/हेल्पर कार्य**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री। पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर **7471176423** (RO-36705)

**अन्य**

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:- 7044713881, 7044684039.** (RO-745)

आवश्यकता है- आकर्षक ऑफर, पैन पेंसिल कंपनी में घर बैठे काम करके शिक्षित, बेरोजगार, लड़के - लड़कियां, महिलाऐ - पुरुष पैकिंग (24500 से 64500) महीना कमाऐ, फन्ड + बोनस- **9899306231.**(RO-638)

आवश्यकता है- पेंसिल पेन रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है। **संपर्क करें:- 7450945537.** (RO-818)






**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करे:- B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो.-7155)

**Property प्रापर्टी**

**मकान**

मकान बेचना है- चांगोराभाटा 600 वर्गफुट एवं 800 वर्गफुट में 2 BHK मकान, कार पोर्च, पीओपी किया हुआ सर्वसुविधायुक्त स्वतंत्र नया मकान बेचना है **संपर्क करे मोबाइल नंबर:- 9300505421, 9993451070.** (RO-3223)

**वाहन**

वाहन- एक 30 सीटर मिनी बस रनिंग चल रहा है फिटनेस 2030 तक परमिट इंश्योरेंस टैक्स सहित सभी ओके है 1100 प्रति दिन किराया 33000 मासिक किराया पर चल रहा है बेचना है कीमत 11 लाख है **संपर्क करें- 9691722982.** (RO-2490)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**बेचना/किराया**

**बेचना है**

VIP Karishma के बगल
Commercial Building
Builtup Area - 8500 Sqft.
Plot Area- 4500 Sqft.

**किराये से देना है**

शंकर नगर में
1000 वर्गफुट हॉल प्रथम तल में किराये से देना है।

VIP Estate में
Commercial Building
Builtup Area- 17400 Sqft.
Govt. Bank/ Hospital को प्राथमिकता

संपर्क करें-
8120008290
Dev Ad.






**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

**Healthcare**

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।





18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

गांव की कहानी
श्रीमती आशा ध्रुव

# सारंगढ़ के गोंड राजाओं की पहली राजधानी गाताडीह



सारंगढ़ के प्रथम वीर जगदेवसाय थे, जिन्होंने अपना राजधानी 1240 में सारंगढ़ से लगभग 20 कि मी दूर ग्राम गाताडीह को बनाया। सारंगढ़ के गोंड राजाओं की पहली राजधानी गाताडीह रही। इनका किला मिट्टी का बना हुआ था। दीवान जगदेवसाय बहुत बड़े योद्धा थे जो तलवार से जौहर दिखाने में माहिर थे। जगदेवसाय के दसवें पीढ़ी के दीवान नंदनसाय ने गाड़ाडीह के किला को पत्थर और ईंटों से बनवाया था। किला के अंदर आदि शक्ति बूढ़ा देव स्थापित किए थे। कुछ साल तक गाताडीह में रहने के बाद इन्होंने अपनी राजधानी ग्राम साराडीह में बना लिया।

चिन्हारी
बद्री प्रसाद पारकर


# अब कम देखे बर मिलथे होरा



ओनहारी के अड़बड़ कन फसल ल आगी में भून के अधकुचरा खावन वोला होरा कहन। चना, मसूर, लाख, लाखड़ी, गहूं, बटरी जइसे कतकों फसल ल होरा के रूप में उपयोग करन। होरा के सुवाद के का कहना। भले खावत ख़ावत हाथ आऊ मुंह करिया हो जावत रीहिस। खासकर के चना होरा ल अड़बड़ अकन भूंज के हमर सियान मन राखय। उही ल घर के लोग लईका आऊ सियान मन घलव चौमासा महीना में खाए के काम आय। बरसत पानी में खजानी के रूप में होरा ल खाय बर घर के महतारी मन ह देवय। पहली धान ह एक फसली रहय आऊ ओनारी सियारी खूब होवय। आजकाल होरा खाय बर पहली के सियान मन तरस जाथे, फेर वोमन ला खाए बर नी मिलय। अईसन खई खजानी ल उपयोग में लाना आऊ हमर खेती किसानी के सुघर खाई खजानी ल उपयोग में लाके हमर लोग लईका मन ल बताना आऊ सिखाना चाही।

## पुस्तक समीक्षा

# छत्तीसगढ़ी कथा लोक



कृति के नाव
छत्तीसगढ़ी कथा लोक

लेखक
डा. पी सी लाल यादव

प्रकाशक
शिक्षादूत प्रकाशन रायपुर

पुस्तक समीक्षा
डा. डी पी देशमुख

मूल्य
तीन सौ निन्यानबे रुपए

छत्तीसगढ़ में लोक कथा का अपना अलग स्थान है। समय समय लोक कथा को संगीत के साथ खासकर बांस गीत और देवार लोग अपनी गायकी में करते रहे हैं। लोक कथा को निश्चित रूप से राजाश्रय मिला था। बचपन में दादा दादी और नाना नानी से लोक कथा भी सुना जाता रहा है। आज लोक कथा का स्वरूप बदल चुका है। धीरे धीरे लोक कथा का चलन भी कम हो रहा है। ऐसे समय में कथा लोक को स्थापित करना भी चुनौती हो गया है। यहां इस कथा लोक को सहेजने का काम कृतिकार ने अपनी कृति शीर्षक ' छत्तीसगढ़ी कथा लोक ' के माध्यम से किया है। इस पुस्तक में आपने 32 लोक कथा को स्थान दिया है, जो पशु पक्षी, प्रकृति, सम सामयिक, जंगली जानवर और रिश्ते नाते पर आधारित है। इस पुस्तक में कथा का लाभ आने वाली पीढ़ी को अवश्य मिलेगा।

सन 1854 में जब नागपुर प्रांत अंग्रेजी राज्य में मिला लिया गया, तब छत्तीसगढ़ के लिए एक अलग डिप्टी कमिश्नर मुकर्रर हुआ और राजधानी रायपुर में रखी गई। लेकिन यह व्यवस्था अधिक दिन तक नहीं चली और 1861 में बिलासपुर जिले की स्थापना हुई।



# अंग्रेजों के शासन काल में राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था



ऐतिहासिक : कृष्णा रंजन

छत्तीसगढ़ का शासन सन 1818 से 1830 तक अंग्रेजों की निगरानी में होता रहा। 1861 में बिलासपुर जिला बना। इसके बाद 1830 से 1854 तक फिर देशी सत्ता रही। जमा वसूली का जो तरीका अंग्रेजों ने लाया था उसे जारी रखा गया और अंग्रेज सुप्रीटेंडेंट के स्थान पर मराठा सूबा नियुक्त हुए। उन्होंने भी रायपुर को ही अपनी राजधानी बनाई और प्रत्येक परगनो में डिप्टी कलेक्टर नियुक्त कर काम लेने लगे। इस व्यवस्था से अत्याचार पर काफी हद तक नियंत्रण देखा गया। यदि कोई अधिकारी या सूबेदार कुछ भी अन्याय करता और राजा से शिकायत होने पर कुछ कार्यवाही न हो तो वह बात नागपुर के रेजिडेंट के कानों तक पहुंचाई जाती तो सजा अवश्य मिलती थी। इस व्यवस्था से प्रायः सभी वर्ग संतुष्ट और सुखी रह रहे थे।

सन 1854 में जब नागपुर प्रांत अंग्रेजी राज्य में मिला लिया गया, तब छत्तीसगढ़ के लिए एक अलग डिप्टी कमिश्नर मुकर्रर हुआ और राजधानी रायपुर में रखी गई। लेकिन यह व्यवस्था अधिक दिन तक नहीं चली और 1861 में बिलासपुर जिले की स्थापना हुई। सन 1857 की क्रांति का असर इस प्रदेश पर रत्ती भर भी नहीं पड़ा।



धार्मिकः घनश्याम सिंह

# केकड़ा देव



बस्तर अंचल में कोंडागांव क्षेत्र में भैंसा दौंद डोंगरी के प्रवेश द्वार से लगभग आधा किलोमीटर दूर बड़े डोंगर मुख्य मार्ग पर मूर्तिनुमा एक पत्थर स्थापित है। इस पत्थर को ग्रामीण केकड़ा देव कहते हैं। माना जाता है कि इस अंचल का भ्रमण केकड़ा देव दर्शन के बिना अधूरा रह जाता है। इस लोक प्रश्न से केकड़ा देव की महत्ता और बढ़ जाती है तथा मन में उत्सुकता बढ़ जाती है। दरअसल इस मूर्तिनुमा पत्थर में किसी देवी या देवता की मूर्ति ही नहीं बनी है। इस शिलाखंड के दो भाग हैं ऊपर का भाग बड़ा और सामान्य पत्थर दिखाई देता है। नीचे के छोटे भाग को ध्यान से देखने पर केकड़ा की अस्पष्ट आकृति दिखाई देती है। केकड़े की इसी आकृति के कारण पत्थर को केकड़ा देव कहते हैं। इस स्थल के भ्रमण के लिए आए लोग केकड़ा देव स्थल देखने अवश्य जाते हैं और अपनी जिज्ञासा को पूरी करते हैं।

लोक साहित्य
उर्मिला शुक्ल

# छत्तीसगढ़ी साहित्य और संत परम्परा

छत्तीसगढ़ में संत साहित्य के उद्भव को देखें तो इसका श्रेय संत धर्मदास को जाता है। संत धर्मदास कबीर दास के शिष्य थे। छत्तीसगढ़ में कबीर पंथ की स्थापना का भी श्रेय इन्हीं को है। संत धर्मदास का जन्म छत्तीसगढ़ में नहीं हुआ था। छत्तीसगढ़ उनका कर्म स्थल था। अन्य संत कवियों की भांति धर्मदास ने भी जातीय और सामाजिक भेदभाव तथा आडम्बर का विरोध किया। छत्तीसगढ़ी समाज में आज भी सतनाम पंथ की पर्याप्त व्याप्ति मिलती है। संत धर्मदास की रचनाओं में कबीर की तरह ही आत्मानुभूति ईश्वरीय विरह मिलन का भाव ही प्रधान है और कबीर की तरह ही सदगुरु की महिमा का प्रतिपादन इनके काव्य की प्रमुख विशेषता है। अन्य संत कवियों की तरह संत धर्मदास भी माया के बंधन से मुक्ति की चाह रखे हैं -

जमुनिया की डार मोरी टोर देव हो....

एक जमुनिया के चौदह डारा,
सार सबद ले के मोड़ देव हो।
काया कंचन गजब पियासा,
अमरित रस म बोर देव हो।
सदगुरु हमरे ज्ञान जौहरी,
रतन पदारथ जोर देव हो।
धरमदास के अरज गोसाई,
जीवन के बांधे डोर छोर देव हो।



लोक नाट्य
प्रो. अश्विनी केशरवानी

# प्रसिद्ध रहा शिवरीनारायण का अभिनय संसार

बहुत कम लोगों को मालूम है कि शिवरीनारायण का अभिनय संसार केवल छत्तीसगढ़ में ही नहीं वरन देश के कोने कोने में प्रसिद्ध था। हालांकि हर गांव में नाचा, गम्मत, रासलीला और रामलीला पार्टी होती थी, लेकिन यहां की नाट्य मंडली की बात ही कुछ और थी।

' छत्तीसगढ़ गौरव ' में पंडित शुक्लाल पांडेय ने लिखा है -

ब्रज की सी यदि रास देखना हो तो प्यारों,
ले नरियर नरियरा ग्राम को शीघ्र सिधारो,
यदि लखना हो सुहृद ! आपको राघव लीला,
अकलतरा को चलो, करो मत मन को ढीला।

इस सदी के दूसरे दशक में महंत गौतमदास के संरक्षण में पंडित विश्वेश्वर तिवारी के कुशल निर्देशन में एक नाटक मंडली संचालित थी। इसके बाद नवयुवक मंडली, केशरवानी नाटक मंडली का गठन किया गया। इसके बाद अनेक नाट्य मंडली का निर्माण होता गया। सभी नाट्य कलाकारों को काफी सम्मान मिलता था, तथा खाने पीने की उत्तम व्यवस्था रहती थी। कलकत्ता से कलाकार यहां अभ्यास कराने आते थे। यहां के नाट्य मंचन को देखकर अंग्रेज भी भयभीत रहते थे। इस समय नाटकों को देखने सारंगढ़ के राजा, भटगांव, बिलाईगढ़, अकलतरा और पिथौरा के जमींदार तथा अनेक गांव के मालगुजार और अंग्रेज अधिकारी आते थे। आकलन किया जाता है कि पंडित कौशल प्रसाद तिवारी ने महानद थियेटिकल कंपनी का निर्माण और नाटकों का पहला मंचन सन 1925 में और अंतिम नाटक 1956 में खेला गया था।



## खबर संक्षेप




### सेबी ने दी जेएसडब्ल्यू सीमेंट के आईपीओ को मंजूरी

**नई दिल्ली।** सज्जन जिंदल-प्रवर्तित कारोबारी समूह जेएसडब्ल्यू ग्रुप की कंपनी जेएसडब्ल्यू सीमेंट को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 4,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है। नियामक ने जेएसडब्ल्यू सीमेंट की तरफ से दाखिल मसौदा दस्तावेज पर गौर करने के बाद उसे निर्गम लाने की मंजूरी दी है। आईपीओ में 2,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों का नया निर्गम और निवेशक शेयरधारकों द्वारा 2,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है।

### क्वाड्रेंट का शेयर 29% तेजी के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 290 से 29 प्रतिशत की तेजी के साथ मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर 28.96 प्रतिशत चढ़कर 374 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ और बाद में 54.74 प्रतिशत की बढ़त के साथ 448.75 रुपये पर पहुंच गया। एनएसई पर इसने 27.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 370 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 1,795 करोड़ रुपये रहा।

### चांदी 1300 रुपए फिसली सोने में मामूली गिरावट



नई दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 80 रुपये टूटकर 80,580 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इसके साथ सोने में पांच दिन से जारी तेजी का सिलसिला थम गया। सोमवार को सोने की कीमत 80,660 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की कमजोर मांग के कारण मंगलवार को चांदी भी 1,300 रुपये की भारी गिरावट के साथ 91,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। पिछले सत्र में चांदी 93,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# कर्मचारियों के काम के घंटे से ज्यादा उनका सशक्तीकरण जरूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईटीसी लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पुरी ने सप्ताह में 90 घंटे काम करने के विवाद पर कहा है कि कर्मचारियों के लिए कामकाजी घंटे निर्धारित करने के बजाय उन्हें कंपनी के व्यापक दृष्टिकोण के साथ जोड़ना अधिक महत्वपूर्ण है। पुरी ने कहा, 'आप किसी राजमिस्त्री से पूछें कि वह क्या कर रहा है, तो वह कह सकता है कि वह ईंट लगा रहा है, कोई कह सकता है कि वह दीवार बना रहा है। वहीं कोई कह सकता है कि वह महल बना रहा है। यह श्रमिकों का अपना-अपना नजरिया है।' कर्मचारियों को निश्चित घंटों तक काम करने के सवाल पर उन्होंने कहा, 'हम ऐसा नहीं करेंगे।' सुब्रह्मण्यन एक वीडियो में कर्मचारियों के साथ बातचीत में कहते दिखे थे ' मुझे खेद है कि मैं आप लोगों से रविवार को काम नहीं करा सकता। आप घर बैठकर क्या करेंगे? आप अपनी पत्नी को कितनी देर तक निहार सकते हैं और आपकी पत्नी कितनी देर तक आपको देख सकती है?'

**काम के संतुलन को लेकर छिड़ी बहस :** इस वीडियो के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद निजी जिंदगी और काम के बीच संतुलन को लेकर बहस छिड़ गई है। एलएंडटी प्रमुख के विचारों की व्यापारिक समुदाय के उनके कुछ साथियों ने भी आलोचना की। आरपीजी समूह के चेयरमैन हर्ष गोयनका ने कहा कि लंबे समय तक काम करना सफलता नहीं बल्कि थकान का कारण बनता है।

## आईटीसी के चेयरमैन पुरी ने 90 घंटे काम के विवाद पर कहा

### लचीले कामकाजी माहौल पर पुरी का जोर

पुरी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि लोग (कंपनी की) यात्रा का हिस्सा बनें और जोश से इसमें शामिल हों तथा उद्यम में बदलाव लाने की उनमें इच्छा हो...हम इसे इस तरह देखते हैं।' आईटीसी सिगरेट से लेकर उपभोक्ता वस्तुओं तक के कारोबार में है। उन्होंने कहा, 'कंपनी लचीले कामकाजी माहौल पर जोर देती है जिसमें सप्ताह में दो दिन घर से काम करना भी शामिल है।'



### कर्मचारियों को योग्य बनने में मदद करें

आईटीसी के चेयरमैन ने कहा, 'तो यह प्रत्येक व्यक्ति के कामकाजी घंटों पर नजर रखने के बारे में नहीं है। यह उनको सक्षम बनाने, उन्हें उनकी क्षमता का पूर्ण इस्तेमाल करने योग्य बनाने में मदद करने और फिर उनके द्वारा हासिल लक्ष्य की समीक्षा करने के बारे में है।' पुरी ने कहा कि दूरदर्शिता, मूल्य और जीवंतता ही आईटीसी का सार है।

### एलएंडटी के चेयरमैन ने रविवार को भी काम की सलाह दी थी

गौरतलब है कि भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग व निर्माण कंपनी लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस. एन. सुब्रह्मण्यन के कर्मचारियों को घर पर बैठने के बजाय रविवार सहित हर सप्ताह 90 घंटे काम करने के बयान पर जारी विवाद को लेकर पुरी ने यह टिप्पणी की है।

## बजट से पहले अर्थशास्त्रियों ने लगाया अनुमान

# बजट में महिलाओं के लिए नकद अंतरण की केंद्रीय योजना लाने पर विचार कर सकती है सरकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार के प्रस्तावित बजट से पहले अर्थशास्त्रियों ने कहा कि सरकार बजट में महिलाओं की सहायता के लिए नकद अंतरण की केंद्रीय योजना लाने पर विचार कर सकती है। साथ ही अर्थव्यवस्था को गति देने और खपत बढ़ाने के लिए चाहे वह प्रत्यक्ष कर हो या फिर अप्रत्यक्ष कर, करों में कटौती पर गौर कर सकती है। अर्थशास्त्रियों का यह भी कहना है कि ऊर्जा बदलाव और जलवायु परिवर्तन से प्रभावित कृषि और तटीय गतिविधियों जैसे क्षेत्रों लिए एक नई सब्सिडी व्यवस्था की आवश्यकता है, जिसपर बजट में ध्यान दिया जा सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक फरवरी को बजट पेश करेंगी।

### महिलाओं को नकद हस्तांतरण अच्छा




इस संबंध में एनआईपीएफपी में प्रोफेसर और म्यूनिख स्थित इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस की संचालन प्रबंधन मंडल की सदस्य लेखा चक्रवर्ती ने कहा, ''महिलाओं के हाथों में नकद हस्तांतरण एक अच्छा कदम हो सकता है, लेकिन यह आजीविका संकट से निपटने के लिए अल्पकालिक उपाय है। महिलाओं को रोजगार और कर्ज वितरण सुनिश्चित करना उन्हें लंबे समय में मदद कर सकता है।''

### कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण बढ़े

*चतुर्वेदी ने कहा, 'हालांकि, सरकार इसे कृषि से जुड़ी विनिर्मित वस्तुओं की खरीद से जोड़ सकती है ताकि कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण बढ़े। इसलिए 6,000 रुपये नकद देने के बजाय, उन्हें ज्यादा राशि दी जा सकती है ताकि वे कृषि के लिए उपयोगी छोटे उपकरण खरीद सकें। इससे विनिर्माण के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण को भी बढ़ावा मिलेगा।'*

### किसान सम्मान निधि बढ़ाने पर हो विचार


इस बारे में भानुमर्ति ने कहा, ''हालांकि, किसान सम्मान निधि एक सार्वभौमिक योजना है। इसका लाभ बड़े किसानों को भी मिल रहा है। ऐसे में इसपर अध्ययन कराये जाने की जरूरत है ताकि जिन्हें जरूरत है, उन्हें लाभ मिले और अध्ययन के बाद ही इस मद में दी जाने वाली राशि बढ़ाने या घटाने पर विचार किया जाना चाहिए।''

### कृषि क्षेत्र में काम करने की जरूरत

लेखा चक्रवर्ती ने कहा, ''कृषि क्षेत्र में सकल पूंजी निर्माण में वृद्धि की आवश्यकता है। लक्षित नकद हस्तांतरण कृषि क्षेत्र में समस्याओं को हल करने के लिए केवल अस्थायी समाधान हो सकता है। इसके साथ जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हुए कृषि क्षेत्र में काम करने की जरूरत है।''

# घरेलू विमानन उद्योग का घाटा बढ़ने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियां और इंजन संबंधी समस्याएं जारी रहने की आशंका के बीच देश के नागर विमानन उद्योग को चालू और अगले वित्त वर्ष में 2,000 से 3,000 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा होने का अनुमान है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

■ रेटिंग एजेंसी इक्रा ने जारी की रिपोर्ट

रेटिंग एजेंसी इक्रा की रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर में घरेलू हवाई यात्री परिवहन 153 लाख होने का अनुमान है जो नवंबर में दर्ज 142.5 लाख यात्रियों के मुकाबले 7.3 प्रतिशत अधिक है।

रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में दिसंबर महीने में सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह कोविड-पूर्व स्तर यानी दिसंबर, 2019 की तुलना में 17.5 प्रतिशत अधिक थी। इसके अलावा दिसंबर, 2024 में एयरलाइंस की क्षमता तैनाती दिसंबर, 2023 की तुलना में 7.5 प्रतिशत और नवंबर, 2024 की तुलना में 3.8 प्रतिशत अधिक रही। इक्रा ने चालू वित्त वर्ष के साथ अगले वित्त वर्ष को मिलाकर विमानन उद्योग को 20-30 अरब रुपये का शुद्ध घाटा होने की आशंका जताई है।

### यात्री यातायात कम होना प्रमुख कारण

*उच्च आधार प्रभाव के अलावा पहली छमाही में मौसमी बाधाओं के कारण यात्री यातायात कम होना इसकी प्रमुख वजह है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय एयरलाइन कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात वित्त वर्ष 2024-25 में 15-20 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।*

# खुदरा महंगाई में नरमी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई



स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 170 अंक के लाभ में रहा। खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी और वैश्विक बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा। इसके अलावा ऊर्जा, बैंक तथा धातु शेयरों में निचले स्तर पर लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। कारोबारियों के अनुसार, हालांकि निवेशकों की लगातार बिकवाली और कच्चे तेल के दाम में तेजी से शेयर बाजार पर दबाव बना और इसका लाभ सीमित रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 169.62 अंक की बढ़त के साथ 76,499.63 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 505.6 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 90.10 अंक बढ़त के साथ 23,176.05 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक बाजार में तेजी और घरेलू स्तर पर खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी का बाजार पर सकारात्मक प्रभाव रहा।

# थोक मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 2.37 प्रतिशत

**नई दिल्ली।** गैर-खाद्य वस्तुओं, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति पिछले महीने यानी दिसंबर में बढ़कर 2.37 प्रतिशत पर पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट आई। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति नवंबर, 2024 में 1.89 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 में यह 0.86 प्रतिशत रही थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर, 2024 में घटकर 8.47 प्रतिशत रह गई, जबकि नवंबर में यह 8.63 प्रतिशत थी। अनाज, दाल और गेहूं की महंगाई में नरमी आई। हालांकि, सब्जियों की मुद्रास्फीति दिसंबर में मामूली बढ़कर 28.65 प्रतिशत रही। नवंबर में यह 28.57 प्रतिशत थी। आलू की महंगाई 93.20 प्रतिशत के उच्च स्तर पर बनी रही और प्याज की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 16.81 प्रतिशत हो गई।

परिशिष्ट- एक

**कार्यालय कलेक्टर**
**एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) उत्तर बस्तर कांकेर**
कार्यालयीन दूरभाष/ फैक्स - 07868- 241126, E-mail - kankerlocalelection@gmail.com

**मतपत्र मुद्रण कार्य के लिए प्रथम निविदा सूचना**

**क्रमांक/कले./स्था.निर्वा./पं.निर्वा/2025/397 कांकेर, दिनांक 09/01/2025**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला उत्तर बस्तर कांकेर में वर्ष 2024-25 में होने वाले (पंचायत चुनावों) के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं जिला उ. ब. कांकेर अन्तर्गत स्थानीय स्तर के फर्मों से आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रुपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं मेरे कार्यालय में दिनांक 29/01/2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे ।
3. निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
(स्थानीय निर्वाचन)
जिला-उत्तर बस्तर कांकेर

G-242505325/2

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**https://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 24/01/2025**

| स क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 109/2024-25 दिनांक 10.01.2025 | 164153 (प्रथम आमंत्रण) | एयरपार्ट जगदलपुर में बाऊडीवॉल कंस्सलटिना क्वाईल सहित उन्नतिकरण कार्य की निविदा । | 81.31 |
| 2 | 110/2024-25 दिनांक 10.01.2025 | 164156 (प्रथम आमंत्रण) | एयरपार्ट जगदलपुर के परिधीय सड़क का चौड़ीकरण कि.मी. 1/2 से 2/2 = 1.2 कि.मी. कार्य की निविदा। | 127.20 |
| 3 | 111/2024-25 दिनांक 10.01.2025 | 164157 (प्रथम आमंत्रण) | जगदलपुर के परपा पुलिस कॉलोनी 413 नग "जी" टाईप क्वार्टर हेतु पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य । | 75.19 |
| 4 | 112/2024-25 दिनांक 10.01.2025 | 164158 (प्रथम आमंत्रण) | जगदलपुर के आड़ावाल पुलिस कॉलोनी 150 नग "जी" टाईप क्वार्टर हेतु पहुँच मार्ग का निर्माण कार्य । | 73.42 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता लोक
निर्माण विभाग
बस्तर मंडल जगदलपुर

G-242505320/4

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.2, सिरपुर भवन परिसर रायपुर (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-187/NIT-18/2024-25/नि.लि. दिनांक 08/01/2025

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 21.01.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 28.01.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि :- 29.01.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र की कीमत प्रत्येक हेतु (रू. में) :- रू.750.00
6. निविदा प्रपत्र का प्रकार :- प्रपत्र "A"
7. निविदाकारों की श्रेणी :- द - पंजीयन के अंतर्गत "द" से "अ" श्रेणी तक
8. कार्य पूर्ण करने की अवधि :- 03 माह

| एन आई टी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम No of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) बैंक साल्वेंसी (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 18 T0084 | Constrution of 2 No. Additional Lift (Civil Work) in New 5th Floor Building at District Court Raipur (चतुर्थ आमंत्रण) | 17.38 13100.00 2,61,000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग क्र.-2
रायपुर (छ.ग.)

G-242505328/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, मरवाही जिला - गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ. ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(द्वितीय आमंत्रण )

**सिस्टम निविदा क्र. 164118 / निविदा सूचना क्र. 12 / वलेलि / 2024-25, दिनांक 10.01.2025**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 27.01.2025 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है : -

**कार्य का नाम :** दनदनी नाला एनीकट कम काजवे निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत :** रूपये 314.61 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 17.01.2025 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :-** 1. निविदा मे भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है । 2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.08.2010 (संशोधित 22.08.2022) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग मरवाही (छ.ग.)
कृते - मुख्य अभियंता
हसदेव कछार जल संसाधन विभाग,
बिलासपुर (छ.ग.)

G-242505303/4







सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झाईं, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

# क्रिकेट के वो दिग्गज खिलाड़ी जो वनडे डेब्यू में रहे जीरो, फिर लगाया रनों का अंबार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

किसी भी खिलाड़ी को भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू करना बहुत बड़ी बात होती है। हालांकि, वह पहले मैच में खाता खोले बिना पवेलियन लौट जाए तो इससे दुःखद कुछ नहीं हो सकता। हालांकि, कई ऐसे खिलाड़ी भी हैं, जो 1 मैच की असफलता को भूलाकर आगे बढ़ते हैं और सालों तक खेलते हैं। इसके अलावा ढेर सारे रन भी बनाते हैं।



## मास्टर ब्लास्टर कहलाए सचिन तेंदुलकर

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपना पहला वनडे साल 1989 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ खेला था। बारिश के कारण यह मुकाबला 16 ओवर का हुआ था। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 87/9 का स्कोर बनाया था। जवाब में सचिन नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने आए थे और खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए थे। उन्हें वकार यूनुस ने आउट किया था। सचिन भारत के लिए 463 वनडे मैच खेले और 18,426 रन बनाने में सफल रहे।

## सचिन, धोनी, धवन पहले वनडे में खाता खोले बिना ही लौटे थे पवेलियन

### शिखर धवन दूसरी गेंद पर क्लीन बोल्ड

भारतीय टीम का एक और पूर्व दिग्गज बल्लेबाज शिखर धवन अपने पहले वनडे में खाता खोले बिना आउट हो गया था। 2010 में भारतीय टीम का सामना ऑस्ट्रेलिया से हुआ था। 3 वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए कंगारू टीम ने 289/3 का स्कोर बनाया था। धवन ने 2 गेंद का सामना किया और शून्य पर आउट हो गए। उन्होंने इसके बाद वनडे करियर में 167 मैच में 44.11 की औसत से 6,793 रन बनाए थे।







### सिर्फ एक ही गेंद खेल पाए थे धोनी

भारतीय टीम को वनडे और टी-20 विश्व कप जीता चुके पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी भी अपने पहले वनडे में खाता खोले बिना पवेलियन लौटे थे। साल 2004 में बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ उस मुकाबले में भारतीय टीम पहले बल्लेबाजी करने उतरी थी। नंबर-7 पर धोनी को बल्लेबाजी करने का मौका मिला था और वह 1 गेंद खेलने के बाद रनआउट हो गए थे। धोनी भारत के लिए 350 वनडे खेले और 10,773 रन बनाने में सफल रहे।

## शून्य पर आउट हुए रैना ने खेले 226 वन डे

भारतीय टीम के एक और पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना इस सूची में हैं। उन्होंने पहला वनडे मुकाबला साल 2005 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। उस मुकाबले में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205/9 का स्कोर बनाया था। नंबर-6 पर बल्लेबाजी करने आए रैना खाता खोले बिना मुथैया मुरलीधरन की गेंद पर आउट हो गए थे। भारतीय टीम यह मुकाबला नहीं जीत पाई थी। रैना ने भारत के लिए 226 वनडे मैच खेले और 5,615 रन बनाए थे।

## खबर संक्षेप



### मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पार्ल रॉयल्स को हराया

**केपटाउन।** मुंबई इंडियंस केपटाउन ने बेतवे एसए 20 लीग में पार्ल रॉयल्स को 33 रन से हराकर इस सत्र में अपने मैदान पर पहली जीत दर्ज की। तीसरे सत्र में एमआई केपटाउन के पहले घरेलू मैच में खचाखच भरे स्टेडियम में टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। रीजा हेंडरिक्स ने 37 गेंद में 59 रन बनाये जिसकी मदद से उनकी टीम ने सात विकेट पर 172 रन का अच्छा स्कोर बनाया। हेंडरिक्स का रासी वान डेर डुसेन ने बखूबी साथ निभाया और 33 गेंद में 43 रन की पारी खेली। दोनों ने 54 गेंद में 78 रन की साझेदारी की । इसके बाद डेलानो पोटगीटर ने 18 गेंद में 29 रन बनाये।

### रोहित ने मुंबई रणजी टीम के साथ किया अभ्यास



**मुंबई।** खराब दौर से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण से पहले मंगलवार को मुंबई टीम के साथ अभ्यास किया। सैतीस वर्ष के रोहित आस्ट्रेलिया दौरे पर बेहद खराब फॉर्म में थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया में तीन टेस्ट में सिर्फ 31 रन बनाये और सिडनी में पांचवें तथा आखिरी टेस्ट के कारण खुद बाहर रहने का फैसला किया। उन्होंने वानखेड़े स्टेडियम पर सुबह अभ्यास सत्र में भाग लिया ।

### कर्नाटक के खिलाफ पंजाब से रणजी मैच खेलेंगे गिल

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज शुभमन गिल 23 जनवरी से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी के छठे दौर के मैच में कर्नाटक के खिलाफ पंजाब के लिये खेलेंगे। गिल ने आस्ट्रेलिया दौरे पर तीन मैचों में सिर्फ 93 रन बनाये और उनका सर्वोच्च स्कोर 31 रन रहा। भारत को पांच मैचों की श्रृंखला में 1-3 से पराजय झेलनी पड़ी। पंजाब की टीम का अभी ऐलान नहीं हुआ है लेकिन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार गिल ने अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है।

## क्रिकेट : राजकोट के सौराष्ट्र स्टेडियम में खेला जाएगा मैच

# तीसरा वनडे आज : आयरलैंड को क्लीन स्वीप करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी ▸▸| राजकोट

भारतीय महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम बनाम आयरलैंड महिला राष्ट्रीय क्रिकेट टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला आज 15 जनवरी बुधवार को राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय महिला टीम ने आयरलैंड को दूसरे वनडे में भी हराकर श्रृंखला अपने नाम कर ली है।

भारतीय टीम का इरादा अब क्लीन स्वीप करने का है। भारतीय टीम ने बल्लेबाजी में अभी तक जबर्दस्त प्रदर्शन किया है और इस लय को कायम रखना चाहेगी ।

### मंधाना और प्रतीका की जोड़ी पर नजरें

चार पारियों में तीसरा अर्धशतक जमाने वाली प्रतीका रावल की नजरें शतक जमाने पर होंगी। कप्तान स्मृति मंधाना के साथ उन्होंने हर मैच में भारत को उम्दा शुरूआत दी है। दोनों ने पिछले मैच में पहले विकेट के लिये 156 रन जोड़े जो पांच पारियों में उनकी तीसरी शतकीय साझेदारी थी। मंधाना ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के बाद लगातार अच्छा फॉर्म जारी रखा है।



### हरलीन और जेमिमा भी शानदार लय में

हरलीन देयोल ने भी 89 रन की अहम पारी खेली। भारत ने पिछले मैच में पांच विकेट पर 370 रन बनाये जो उसका सर्वोच्च वनडे स्कोर है। हरमनप्रीत कौर की गैर मौजूदगी में चौथे नंबर पर उतरी जेमिमा रौड्रिग्स ने परिपक्वता दिखाते हुए 28 गेंद में अर्धशतक जमाया। रौड्रिग्स ने कहा यह अतिरिक्त जिम्मेदारी थी। शुरूआत में मैंने काफी संयम दिखाया जो काफी सकारात्मक था क्योंकि मेरे लिये क्रीज पर डटे रहना जरूरी था। मैं रन तो बना रही थी लेकिन क्रीज पर टिककर खेल नहीं पा रही थी। मुझे खुशी है कि आज ऐसा कर सकी।

### शेफाली-हरमन की कमी पूरी कर रहीं तेजल

अनुभवी बल्लेबाज तेजल हसंबिस ने भी वापसी करते हुए अर्धशतक जमाया। शेफाली वर्मा और हरमनप्रीत जैसे बिग हिटर्स की गैर मौजूदगी में प्रतीका जैसे नये खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करके अपनी जगह पक्की की।

### गेंदबाजी के मामले में थोड़ी ढीली है भारतीय टीम

भारतीय गेंदबाजी चिंता का सबब रही और टीम घरेलू हालात में लगातार विकेट लेने में नाकाम रही जिससे आयरलैंड को पिछले मैच में सात विकेट पर 254 रन बनाने का मौका मिला। भारत को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की कमी खल रही है। पूजा वस्त्राकर की चोट ने मुश्किलें और बढा दी हैं। दीप्ति शर्मा ने अब तक चार विकेट लिये हैं लेकिन प्रिया मिश्रा, सयाली सतघरे और टिटास साधू प्रभावित नहीं कर सकीं हैं।

**भारतः** स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उप कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसब्निस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवेर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे।

**आयरलैंडः** गैबी लुईस (कप्तान), एवा कैनिंग, क्रिस्टीना कूल्टर रीली, अलाना डाल्ज़ेल, लौरा डेलानी, जॉर्जीना डेम्प्सी, सारा फोर्ब्स, अर्लीन केली, जोआना लॉफ्रान, एमी मैगुइरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडरगैस्ट, ऊना रेमंड-होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल। मैच सुबह 11 बजे शुरू होगा।

## आईसीसी

# बुमराह - ऐनाबेल ने जीता प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने दिसंबर 2024 के लिए भारतीय दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना है। उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेली गई बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अविश्वसनीय प्रदर्शन किया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और दक्षिण अफ्रीका के डेन पैटरसन को पीछे छोड़ते हुए ये पुरस्कार जीता। दूसरी महिला वर्ग में इस बार यह सम्मान ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को मिला।



### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में झटके थे 22 विकेट

*बुमराह ने दिसंबर 2024 में ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ 3 टेस्ट मैचों में 14.22 की शानदार औसत से 22 विकेट लिए थे।उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 5 टेस्ट की 9 पारियों में 13.06 की औसत के साथ सर्वाधिक 32 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया था। अपने बेहतरीन प्रदर्शन के चलते ही बुमराह टेस्ट प्रारूप में सर्वोच्च रेटिंग अंक हासिल करने वाले भारतीय गेंदबाज बने थे।*

## मुक्केबाजी

# जामवाल ने स्वर्ण जीता, सेना को लगातार तीसरा टीम खिताब

एजेंसी ▸▸| बरेली

हिमाचल प्रदेश के मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में वेल्टरवेट (60 से 65 किलो) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि सेना ने लगातार तीसरी बार टीम खिताब अपने नाम किया। मौजूदा चैम्पियन शिवा थापा और पूर्व युवा विश्व चैम्पियन वंशज कुमार को हराने वाले जामवाल ने फाइनल में रेलवे के अमित को मात दी ।

सेना ने पांच स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर खिताब अपने नाम किया। फाइनल में भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह, ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह और पूर्व विश्व चैम्पियन स्वीटी बूरा मौजूद थे।



# पत्नी को संग ले जाने वाले क्रिकेटरों के लिए नियम किए गए और सख्त

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारतीय टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद से बीसीसीआई ने अपने सख्त तेवर दिखाए हैं और प्लेयर्स पर लगाम कसने की तैयारी कर ली है।

भारतीय टीम के खिलाड़ियों के खेल का रिव्यू करने के बाद कारणों पर चर्चा की गई और कुछ नियमों को भी लागू करने का फैसला लिया गया है। भारतीय टीम के खिलाड़ी विदेश दौरे पर अपनी पत्नियों और परिवार के सदस्यों को लम्बे समय तक नहीं रख पाएंगे। इसके लिए कुछ दिनों का निर्धारण किया गया है। अतिरिक्त समय प्लेयर्स को अकेले ही रहना होगा और फोकस भी खेल पर रहेगा।



### कड़े फैसलों पर एक नज़र

अगर टूर्नामेंट 45 दिनों के लम्बे समय के लिए है, तो परिवार के सदस्यों को सिर्फ 14 दिनों तक ही खिलाड़ियों के साथ रहने की अनुमति होगी। अगर दौरा थोड़ा छोटा है, तो दिनों की संख्या कम करते हुए 7 हो सकती है। पूरे टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की पत्नियाँ साथ में नहीं रह सकती हैं। सभी प्लेयर्स को टीम बस में ही सफर करना होगा। अभी कोई अपनी गाड़ी से आ रहा है, तो कोई किसी अन्य साधन से आ रहा है। ऐसा पहले नहीं होता था। गौतम गंभीर के पर्सनल मैनेजर को वीआईपी बॉक्स में बैठने की अनुमति नहीं होगी। उनको टीम बस में जाने की अनुमति भी नहीं होगी। उनको अलग होटल में ही ठहरना होगा। अगर प्लेयर्स के सामान का वजन 150 किलोग्राम से ज्यादा होता है, तो बीसीसीआई अतिरिक्त चार्ज नहीं देगी। प्लेयर्स को खुद ही इसका भुगतान करना पड़ेगा।

# आस्ट्रेलियाई ओपन : बोपन्ना-बेरियेंतोस की जोड़ी पहले दौर में हारकर बाहर

एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

दुनिया के पूर्व नंबर एक युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कंबोडिया के उनके नये जोड़ीदार निकोलस बेरियेंतोस की जोड़ी आस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल वर्ग के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। बोपन्ना और बेरियेंतोस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को स्पेन के पेड्रो मार्तिनेज और जाउमी मुनार ने 7-5, 7-6 से हराया। बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने मजबूत शुरूआत की और शुरूआती गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखी। स्पेन की जोड़ी ने हालांकि धीरे धीरे लय पकड़ी और बेसलाइन पर प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई। स्पेनिश जोड़ी ने अहम ब्रेक प्वाइंट बनाकर पहला सेट जीता। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन टाइब्रेकर में स्पेनिश जोड़ी ने जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल भी पहले दौर में चेक गणराज्य के थॉमस माचाक से हारकर बाहर हो गए।



AAVAS FINANCIERS LIMITED
SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA
(CIN: L65922RJ2011PLC034297)
Regd. & Corp. Office: 201-202, 2nd Floor, Southend Square, Mansarovar Industrial Area, Jaipur-302 020, Rajasthan, India | Tel: +91 141 661 8800
Fax: +91 141 661 8861 | Email: info@aavas.in | website: www.aavas.in
PUBLIC NOTICE
Intimation for Shifting of DHAMTARI Branch of the company to new location
This is hereby informed that DHAMTARI branch of company is going to shift from 1st Floor, Bindra Building, Municipal School Chowk, Resai Para West Ward, Bastar Road, Dhamtari-493773, Chhattisgarh to 2nd Floor, PHN 33, Old Jodhpur Ward, New Ambetkar Ward, Sonkar Plaza, Rudri Road, Dhamtari-493773, Chhattisgarh after three months from date of this notice.
For AAVAS FINANCIERS LIMITED
Sd/-
Sharad Pathak
Company Secretary and Compliance Officer
Date: 13 January 2025
Place: DHAMTARI




# तनीषा और ध्रुव ने भारत की उम्मीदें मिश्रित युगल में जगाई

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला ने भविष्य में बैडमिंटन के इस वर्ग में भारत के लिये उम्मीदें जगाई है। ज्वाला गुट्टा और वी दीजू भारत की सर्वश्रेष्ठ मिश्रित युगल टीम थी जो विश्व रैंकिंग में छठे स्थान तक पहुंचे थे। उनके संन्यास के बाद सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन फिर सात्विक ने चिराग शेट्टी के साथ पुरूष युगल पर फोकस करने के लिये अलग होने का फैसला किया।

### हमने व ध्रुव ने कुछ टूर्नामेंट साथ खेले : तनीषा

तनीषा ने कहा ,'हमने ओलंपिक से पहले कुछ टूर्नामेंटों में साथ खेला और इस साझेदारी में काफी संभावनायें दिखी। मुझे लगता है कि हम दोनों के लिये यह साझेदारी शुरू करने का फैसला सही था।

### आईसीसी ने चैंपियंस ट्रॉफी का जारी किया प्रोमो, वीडियो में नजर आए वसीम अकरम

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से हो रही है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्रोमो जारी किया है, जिसमें पूर्व दिग्गज वसीम अकरम नजर आ रहे हैं। लगभग 2 मिनट लम्बे इस वीडियो में अकरम इस टूर्नामेंट की महत्व के बारे में बता रहे हैं। बता दें कि इस बार ये टूर्नामेंट मेजबान पाकिस्तान, और दुबई में खेला जाना है। अकरम ने टूर्नामेंट के महत्व पर क्या कहा चैंपियंस ट्रॉफी में विजेता टीम सफेद जैकेट पहनती है और अकरम ने इसे सम्मान का प्रतीक बताया।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
क्षेत्रीय कार्यालय, प्रथम तल, जोनल मार्केट, सेक्टर -10 भिलाई (छ.ग.) फोन: 0788-2261892, 2264992
ई-मेल: recovery.durg@bankofbaroda.com
अचल संपत्ति का कब्जा नोटिस

यतः बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित बकायेदारों / जमानतदारों को मांग नोटिस निर्गत की गई थी। उक्त मांग नोटिसों में, वर्णित धनराशि को संबंधित बकाएदारों से, उक्त नोटिसों की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर बैंक को अदा करने की मांग की गई थी,जिसे निम्नलिखित नाम वाले बकायेदार/जमानतदार मांग की गई धनराशि को लौटाने में असफल रहे हैं। अतः एतद् द्वारा संबंधित बकायेदारों/जमानतदारों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी ने संबंधित कॉलम में दी गई तिथियों को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पढ़े जाने वाली प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 तथा धारा 14 के साथ पठित उक्त नियमावली के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोलिखित सम्पत्तियों को उनके सम्मुख अंकित दिनांक को अपने कब्जे में ले लिया हैं जिनका विवरण निम्नानुसार हैं:-

| क्र. | शाखा का नाम /फोन नं. | उधारकर्ता/जमानतदार का नाम | प्रतिभूतिकृत संपत्ति का विवरण | मांग नोटिस की तिथि राशि एवं सांकेतिक/भौतिक कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | स्टेशन रोड शाखा राजनांदगांव 7879038235 | श्री सुशील ठाकुर (उधारकर्ता) फरहाद चौक के पास, रेवाडीह, राजनांदगांव, छ.ग.- 491441 | संपत्ति का वह सभी हिस्सा और अभिन्न अंग जिसमें शामिल प्लाट एवं कंस्ट्रक्शन से संबंधित खसरा नं.- 489/17, प.ह.नं. - 37, रेवाडीह, राजनांदगांव, छ.ग. क्षेत्रफल - 263.43 वर्गमीटर हैं जो श्री सुशील ठाकुर के नाम पर हैं. संपत्ति की सीमाएं : दक्षिण - डोंगरगांव रोड, उत्तर- विक्रेता की शेष भूमि, पूर्व- बीराजो की भूमि, पश्चिम- विक्रेता की शेष भूमि. | 04.10.2024 रु. 30,48,010.54 + ब्याज + अन्य प्रभार 09.01.2025 सांकेतिक कब्जा |

अग्रेतर एतद् द्वारा आम जनता विशेषकर उधारकर्ता एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त संपत्तियों का लेनदेन न करें, उक्त संपत्ति का लेनदेन बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रभार के अधीन होगा।
हम ऋणकर्ता का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन (redeem) के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा 8 की ओर आकर्षित करते हैं.
दिनांक:15.01.2025, स्थानः भिलाई, छत्तीसगढ़
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ़ बड़ौदा

# पृथ्वी के अंदर छिपे रहस्य का वैज्ञानिकों ने लगाया पता, 5000 डिग्री सेल्सियस तापमान में मौजूद है एक और परत, खुलासा



कैनबरा। ज्यादातर लोग जमीन के बारे में बहुत नहीं सोचते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने पृथ्वी के अंदर छिपे ऐसे रहस्य का पता लगाया है, जो कई मान्यताओं को बदलकर रख सकता है। शोध में पाया गया है कि वास्तव में पृथ्वी की आंतरिक कोर के भीतर भी एक या उससे अधिक कोर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी के भूभौतिक शास्त्री जोआन स्टीफेंसन और उनके सहयोगियों ने पाया कि पृथ्वी के आतंरिक कोर में दो अलग-अलग परतें हो सकती हैं।

## पृथ्वी के अंदर क्या है?

स्टीफेंसन ने कहा, 'हमें ऐसे सबूत मिले हैं जो लोहे की संरचना में बदलाव का संकेत दे सकते हैं, जो पृथ्वी के इतिहास में शायद दो अलग-अलग शीतलन घटनाओं का सुझाव देते हैं।' उन्होंने आगे कहा कि 'इस बड़ी घटना का विवरण अभी भी थोड़ा रहस्यपूर्ण है, लेकिन जब पृथ्वी के आंतरिक कोर के बारे में हमारे ज्ञान की बात आती है, तो हमने पहेली का एक और टुकड़ा जोड़ दिया है।' शोधकर्ताओं ने अपने अध्ययन में वैश्विक भूकंपों और रिसीवरों के वितरण की कमी का जिक्र किया है और कहा कि यह लापता डेटा उनके निष्कर्षों को निश्चितता को सीमित करता है।

## 5000 डिग्री है आंतरिक कोर का तापमान

वैज्ञानिकों के अनुसार, पृथ्वी की आंतरिक कोर इसके कुल आयतन का केवल 1 प्रतिशत है, जिसका तापमान 5000 डिग्री सेल्सियस से अधिक है। हालांकि, कुछ साल पहले स्टीफेंसन ने पाया कि आंतरिक कोर में दो अलग-अलग परतें हो सकती हैं। उन्होंने कहा, 'यह बहुत रोमांचक है और इसका मतलब यह हो सकता है कि हमें स्कूल की किताबों को फिर से लिखना होगा।' शोध के दौरान टीम ने एल्गोरिदम का उपयोग करते हुए आंतरिक कोर के हजारों मॉडलों का मिलान कई दशकों के दौरान देखे गए आंकड़ों से किया। इन आंकड़ों में भूकंपीय तरंगों के पृथ्वी से होकर गुजरने के समय की जानकारी थी, जिसमें अंतरराष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने एकत्र किया था।

पृथ्वी की चार मुख्य परते हैं- 'क्रस्ट, मेंटल, बाहरी कोर और आंतरिक कोर।' पृथ्वी की बाहरी परत पपड़ी के नीचे क्या है, इस बारे में हमारा ज्ञान मुख्य रूप से ज्वालामुखियों और भूकंपीय तरंगों से मिली जानकारी से है।







# 'अमीर' होकर पछताया लड़का, बताए साइड इफेक्ट्स

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में एडिलेड के रहने वाले 22 साल के जेडेन ने सोशल मीडिया पर अपनी कहानी बताई है। उसने बताया कि जब वो 12 साल का था, तब उसका परिवार अचानक से अमीर हो गया। उसके मुताबिक वो अपने भाई-बहनों के साथ स्कूल से जब लौटा, तो मम्मी ने उन्हें सरप्राइज़ दिया। मम्मी ने बताया कि उन्होंने लॉटरी जैकपॉट जीत लिया है और वे अमीर हो गए हैं।



**बेटे को नहीं हुई खुशी :** जेडेन ने बताया कि वो गरीब से अचानक अमीर हो गए थे, लेकिन उसे इससे शर्मिंदगी महसूस हो रही थी। उसे अपने परिवार की इस जीत के बाद दोषी और काफी अलग-थलग महसूस होने लगा। हम बच्चों पर इसका बहुत असर हुआ था। उनके परिवार को भी कई बार अलग-थलग महसूस होता था और हाई सोसायटी में एडजस्ट करने में दिक्कत होती थी। खासतौर पर जेडेन को अमीर होने की वजह से अपराध बोध होता था। आखिरकार वो बड़ा होकर लॉस एंजिल्स में शिफ्ट हो गया, तब पता चला कि वे इतने अमीर नहीं थे, वे सिर्फ अच्छी जिंदगी जी पा रहे थे, क्योंकि यहां अलग ही किस्म के लोग थे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com